राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



10 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट



वर्ष 2023 में आरपीएफकी महिला कर्मियों की सतर्क और सक्रिय भूमिका ने 3973 बच्चियों को बचाने में मदद की

वर्ष-60 › अंक -73 रायपुर शनिवार 9 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

## 23 लोगों को पीएम मोदी ने दिया नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड



**नई दिल्ली**. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड्स कार्यक्रम में मौजूद हैं. क्रिएटर्स की सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि युवाओं को और उनकी क्रिएटिविटी को सम्मान देने के लिए यह अवॉर्ड पहली बार आयोजित हो रहे हैं. यह नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है।

मोदी ने कहा कि आज महाशिवरात्रि भी है. मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है. भगवान शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के रचनाकार माने गए हैं. साथ ही मोदी ने इंटरनेशनल विमेंस डे की भी बधाई दी. उन्होंने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि पुरुष भी ताली बजा रहे हैं. मैं अभी थोड़ी देर पहले ही गैस सिलेंडर के रेट कम करके आया हूं.

मोदी ने कार्यक्रम में 23 लोगों को सम्मानित किया. उन्होंने कथा वाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फ ॉर सोशल चेंज का अवॉर्ड दिया है. साथ ही कल्चरल ऐंबैस्डर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मैथिली ठाकुर को दिया है.

**इन लोगों को किया गया सम्मानित** - सेलिब्रिटी क्रिएटर ऑफद ईयर- अमन गुप्ता

**बेस्ट नैनो क्रिएटर-** पीयूष पुरोहित बेस्ट माइक्रो क्रिएटर- अरिदमन बेस्ट क्रिएटर इन गेमिंग कैटेगरी- निश्चय बेस्ट हेल्थ एंड फिटनेस क्रिएटर- अंकित बैयानपुरिया बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन कैटेगरी- नमन देशमुख

बेस्ट क्रिएटर इन फूड कैटेगरी- कबिता सिंह **मोस्ट क्रिएटिव क्रिएटर (पुरुष)**- RJ रौनक (बउवा) मोस्ट क्रिएटिव क्रिएटर (महिला)- श्रद्धा हेरिटेज फैशन आइकन- जाह्नवी सिंह स्वच्छता एंबेसडर- मल्हार कलांबे बेस्ट क्रिएटर इन टेक कैटेगरी- गौरव चौधरी फेवरेट ट्रेवल क्रिएटर- कामिया जानी बेस्ट इंटरनेशनल क्रिएटर- ड्रूयू हिक्स कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर- मैथिली ठाकुर बेस्ट **क्रिएटर फॉर सोशल चेंज-** जया किशोरी फेवरेट ग्रीन चैंपियन- पंक्ति पांडे । **डिसरप्टर ऑफ द ईयर-** रणवीर अल्लाहबादिया (बीयर बाइसेप्स) बेस्ट स्टोरीटेलर- कीर्तिका गोविंदासामी मोस्ट इम्पेक्टफुल एग्री क्रिएटर- लक्ष्य डबास न्यू इंडिया चैंपियन अवॉर्ड- अभि और नियू 20 कैटेगरीज में दिए गए हैं अवॉर्ड नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड्स 20 कैटेगरीज में दिए गए हैं।

महिला दिवस पर मोदी सरकार का तोहफा

# एलपीजी सिलेंडर कीमतों में 100 रु. की कटौती

एजेंसी।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, आज महिला दिवस पर, हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफ ी कम हो जाएगा, विशेष रूप से हमारी नारी शक्ति को लाभ होगा। रसोई गैस बनाने से अधिक किफायती, हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई का समर्थन करना और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए 'जीवनयापन में आसानी' सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है ।

महिलाओं के जीवन में आशा की किरण बनकर आई केंद्र की ये योजनाएं, पीएम मोदी ने शेयर किए वीडियो केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार को लगभग 10 वर्ष हो गए हैं। इन दस वर्षों में सरकार ने देश की आधी आबादी के विकास के लिए पूरा ध्यान लगाया। इसी का परिणाम है कि आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में योगदान दे रही हैं। महिलाओं के इस योगदान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला दिवस पर सराहा है।

## इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका, अलग हुईं महबूबा

**श्रीनगरः** महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने इंडिया गठबंधन से अलग होने का फैसला किया है। महबूबा मुफ्ती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडिया गठबंधन से अलग होने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह बीजेपी को हराने के लिए साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती थीं लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस के रवैये से उन्हें निराशा हुई और उन्होंने गठबंधन से अलग होने का फैसला लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला के बयान पर PDP प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, उमर अब्दुल्ला ने खुद कहा कि वे गठबंधन में नहीं हैं।



## इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत



**नई दिल्ली**. इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी, मशहूर लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है. इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म एक्स पर की. इसके साथ ही उन्होंने इसे नारी शक्ति का प्रमाण बताया. सुधा मूर्ति देश की जानी-मानी शिक्षिका होने के साथ-साथ लेखिका भी हैं. इसके अलावा वह इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष भी हैं. वरिष्ठ लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति को साल 2023 में राष्ट्रपति ने उनके सामाजिक कार्यों के लिए पद्म भूषण से नवाजा था. इसके पहले उन्हें साल 2006 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है. सुधा मूर्ति को कन्नड़ और अंग्रेजी में उनके साहित्यिक योगदान के लिए जाना जाता है.

उन्होंने विभिन्न शैलियों में 30 से अधिक किताबें लिखी हैं. सुधा मूर्ति के दो बच्चे हैं, बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय फैशन डिजाइनर हैं और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं. वहीं, बेटा रोहन मूर्ति, क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के संस्थापक हैं।

## ड्रोन दीदियां नवाचार, उपयुक्तता और आत्मनिर्भरता की चैंपियन: मोदी

एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नारी शक्ति को बधाई दी. इसके साथ ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म एक्स पर महिला सशक्तीकरण का जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा कि कैसे सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है और उनका जीवन आसान हुआ है. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर महिला सशक्तीकरण की अनूठी कहानियों को भी साझा किया. इमें देशभर की महिलाएं ये बताती हुई दिखी कि उनका किस तरह से पहले से बेहतर हुआ है.

### 'महिलाओं के मान सम्मान की बुनियाद घर' -

पीएम मोदी ने स्वनिधि योजना का किया जिक्र - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला दिवस के मौके पर एक्स पर की गई एक पोस्ट में स्वनिधि योजना का भी जिक्र किया. इसमें पीएम मोदी ने लिखा, पीएम स्वनिधि योजना ने गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी नई खुशियां भरी हैं. इनमें बड़ी संख्या में हमारी माताएं-बहनें भी शामिल हैं. लखपति दीदी योजना पर क्या बोले पीएम - पीएम मोदी ने इस मौके पर लखपति दीदी योजना का भी जिक्र किया।



**'नमो ड्रोन दीदी' का भी पीएम मोदी ने किया जिक्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला दिवस के मौके पर नमो ड्रोन दीदी का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ÷नमो ड्रोन दीदियां नवाचार, उपयुक्तता और आत्मनिर्भरता की चैंपियन हैं. हमारी सरकार महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने के लिए ड्रोन की शक्ति का लाभ उठा रही है.÷ बता दें कि नमो ड्रोन दीदी का लक्ष्य 15,000 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को फसल की निगरानी, उर्वरक छिड़काव और बीज बोने जैसे कार्यों में सहायता के लिए कृषि ड्रोन से लैस करना है।



## गडकरी ने गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उन्नयन के लिए 1532.97 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

एजेंसी।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने एक पोस्ट में कहा कि गुजरात के मोरबी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-151-ए के 12.4 किलोमीटर लंबे ध्रोल से अमरान खंड को 4-लेन में चौड़ा करने के लिए 625.58 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि अमृतसर-जामनगर कॉरिडोर इस खंड से गुम लिंक है। इस गुम लिंक के विकास से 3 राज्यों में चार रिफाइनरियों और परियोजना प्रभाव क्षेत्र में कई आर्थिक और सामाजिक मांगों के बीच के बीच कनेक्टिविटी पूरी हो जाएगी।

## गोरखपुर में महाशिवरात्रि पर सीएम योगी ने किया जलाभिषेक-रुद्राभिषेक



**एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भरोहिया के पितेश्वरनाथशिव मंदिर में जलाभिषेक तथा गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सीएम योगी शुक्रवार को सुबह लखनऊ से पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात की। बच्चों का प्यार से माथा सहला कर आशीर्वाद दिया। कुछ लोगों से हंसी ठिठोली भी की।

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने किया CBG प्लांट का लोकार्पण

### 165 करोड़ रुपये की लागत से 18 एकड़ जमीन पर बना सीबीजी प्लांट कचरे से प्रति दिन 20 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस तथा 125 टन जैविक खाद का करेगा उत्पादन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप पुरी की मौजूदगी में गोरखपुर में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह सीबीजी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर महत्वपूर्ण प्रयास है। श्री पुरी ने कहा कि इस संयंत्र को इंडियन आयल ने लगभग 165 करोड़ रुपये की लागत से राज्य सरकार द्वारा आवंटित 18 एकड़ जमीन पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र बायोगैस (सीबीजी) का उत्पादन करने के लिए लगभग 200 टन धान की पूवाल (पराली ) एवं प्रेस मड तथा पशु गोबर का उपयोग कर प्रति दिन 20 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस तथा 125 टन जैविक खाद का उत्पादन करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस संयंत्र से उत्पादित जैविक खाद से लगभग 9000 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रों में पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस सीबीजी संयंत्र से लगभग 20 TMT कार्बन उत्सर्जन कम होगा जो कि पर्यावरण सुरक्षा के लिये एक बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है। श्री पुरी ने कहा कि अब तक भारत में SATAT योजना के तहत 58 CBG संयंत्र चालू किए गए हैं।

## रूस में नौकरी दिलाने वाले एजेंटों के जाल में न फंसे', विदेश मंत्रालय ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी।

रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे गए भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने सख्ती दिखाई है. इसे लेकर मंत्रालय ने अलर्ट जारी किया है और लोगों से कहा कि वे रूस में नौकरी दिलाने वाले एजेंटों से सावधान रहें. दरअसल, रूप में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे गए भारतीयों की खबर आने के बाद विदेश मंत्रालय काफ ी सख्त हो गया है. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमने रूस में लगभग 20 भारतीयों ने संपर्क किया है. जो भारत वापस आना चाहते हैं. विदेश मंत्रालय का कहना है कि इन भारतीयों को कथित तौर पर मानव तस्करी रैकेट ने धोखा दिया है।

**धोखे से रूस ले जाए गए भारतीय- विदेश मंत्रालय**

रूस भेजे गए भारतीयों मामले में विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि, ÷उन्हें झूठ बोलकर धोखे से वहां ले जाया गया. ये



मानव तस्करी का मामला है. इस मामले में सीबीआई ने कुछ रेड की हैं. हम लोगों से अपील करते हैं कि वो किसी तरह के झांसे में न आएं.÷

### क्या बोला विदेश मंत्रालय

शुक्रवार (8 मार्च) को विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि, भारत सरकार ने रूस में काम करने के नाम पर ठगे गए भारतीयों के मामले को सख्ती से उठाया है. इसी के साथ विदेश मंत्रालय ने करीब 20 भारतीयों के रूस में फंसे होने की आशंका जताई है.

## नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर गूंजा हर-हर महादेव

**नई दिल्ली**. काठमांडूः नेपाल में महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए नेपाल और भारत के श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तड़के से ही हर-हर महादेव और बम बोले की जयकार गूंजती रही। एक अनुमान के मुताबिक महाशिवरात्रि के पर्व पर नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव का दर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पशुपतिनाथ मंदिर स्थित ऐतिहासिक शिवलिंग के दर्शन के लिए हजारों भक्त सुबह से ही फूल, धूप, चावल और अन्य प्रसाद लेकर घंटों कतार में खड़े रहे। भगवान शिव या महादेव को प्रलय



के दौरान दुनिया के विघटन के लिए जिम्मेदार त्रिदेवों में से एक माना जाता है। महाशिवरात्रि को उस दिन के रूप में जाना जाता है, जब शिव का जन्म हुआ था। मंदिर मामलों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट (पीएडीटी) के अधिकारियों का अनुमान है कि महाशिवरात्रि पर सुबह से रात तक लगभग 10 लाख भक्त मंदिर में आएंगे। लगभग 10 प्रतिशत श्रद्धालुओं के भारत के विभिन्न हिस्सों से आने की उम्मीद है।

# भारत ने UNSC में सुधार हेतु पेश किया जी-4 देशों का विस्तृत मॉडल

नईदिल्ली,एजेंसी।

इन देशों को सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाने का प्रस्तावसंयुक्त राष्ट्रः भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जी4 देशों की ओर से एक विस्तृत मॉडल पेश किया, जिसमें महासभा द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से नए स्थायी सदस्यों को चुने जाने और वीटो के मामले पर लचीलेपन को अपनाए जाने का प्रावधान है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के दौरान कहा कि अगले साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ काफी समय से लंबित विषय पर ठोस प्रगति करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। कंबोज ने ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बहस, संवाद और अंततः बातचीत के लिए 'जी4 मॉडल' पेश किया। इन प्रस्तावों को बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र सदस्यों से मजबूत



समर्थन प्राप्त हुआ। कंबोज ने महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के साथ विस्तृत जी4 मॉडल साझा करते हुए कहा, ''जब 1945 में परिषद की स्थापना की गई थी, तब की वास्तविकताएं, आधुनिक युग और नई सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं से काफी समय पहले बदल गई हैं और इसमें बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है।'' उन्होंने कहा कि इन नई वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए जी4 मॉडल का प्रस्ताव है कि छह स्थायी और चार या पांच गैर-स्थायी सदस्यों को जोड़कर सुरक्षा परिषद की सदस्यता मौजूदा 15 से बढ़कर 25-26 की जाए।

### इन देशों को सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाने का प्रस्ताव

सुरक्षा परिषद में दो अफ्रीकी देशों और दो एशिया प्रशांत देशों, एक लातिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देश तथा पश्चिमी यूरोपीय एवं अन्य क्षेत्रों से एक देश को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है।

जी4 मॉडल के अनुसार, सदस्यता की दोनों श्रेणियों में प्रमुख क्षेत्रों के ''स्पष्ट रूप से कम प्रतिनिधित्व और गैर-प्रतिनिधित्व'' के कारण सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना इसकी वैधता और प्रभावशीलता के लिए ''हानिकारक'' है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि संघर्षों से निपटने और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में परिषद की असमर्थता सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। कंबोज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जी4 मॉडल यह ''नहीं बताता'' कि कौन से देश नए स्थायी सदस्य होंगे और ''यह निर्णय लोकतांत्रिक और समावेशी तरीके से चुनाव के जरिये महासभा करेगी।''

## BSF ने बॉर्डर पर पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**एजेंसी।** ।सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार तड़के राजस्थान के श्रीगंगानगर में भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। सीमा पर तैनात बीएसएफके जवानों ने रात करीब 12.30 बजे सीमा पर बाड़बंदी से आगे सुंदरपुरा इलाके में एक घुसपैठिए को भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश करते हुए देखा। सेना ने उसे तुरंत चुनौती दी लेकिन वह बाड़ की ओर बढ़ता रहा। इसके बाद बीएसएफजवानों ने घुसपैठिए पर गोलीबारी की। पुलिस को सौंपा जा रहा है शव - फिलहाल मारे गए व्यक्ति के बारे में यह नहीं पता चल पाया है कि वह आतंकी या फिर कोई और।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# महाशिवरात्रि पर पुण्य स्नान के साथ होगा राजिम कुंभ का समापन

## संतों का होगा आशीर्वचन और निकाली जाएगी शाही शोभायात्रा

**रायपुर,।** माघ पूर्णिमा 24 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प-2024 अपने अंतिम पड़ाव पर है। 08 मार्च महाशिवरात्रि के अवसर पर राजिम कुंभ कल्प का समापन तीसरा पुण्य पर्व स्नान के साथ होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम विश्वभूषण हरिचंदन शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल होंगे। देश-दुनिया में पांचवे कुंभ के नाम से प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन अवसर पर देशभर से पहुंचे साधु-संत एवं विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं की उपस्थिति में विशाल शोभायात्रा शाही स्नान के लिए निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुबह 6.30 बजे संत समागम परिसर से शुरू होकर नवापारा शहर और राजिम शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कुंभ मेला क्षेत्र में बने शाही कुंड पहुंचेगी जहां साधु-संत शाही स्नान करेंगे। वहीं महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तड़के सुबह से ही लाखों श्रद्धालु पुण्य स्नान कर अपने आप को धन्य करेंगे। महाशिवरात्रि के पहले ही राजिम कुंभ में श्रद्धालु की बहुत भीड़ देखी जा रही है। पर्व स्नान करने दूर-दराज से श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर्व के पहले ही राजिम नगरी पहुंच रहे हैं। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर तड़के सुबह स्नान पश्चात त्रिवेणी संगम में दीपदान कर भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव और भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।राजिम कुंभ कल्प में अंतरर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रदेश स्तरीय के अलावा स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश दुनिया में बिखरी है।



## जिले के दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बालोद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के मार्गदर्शन में जिले के दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके ने बताया कि दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला में टी.बी. जॉच हेतु टी.बी. सस्पेक्ट रेफरल तथा रजिस्टेंस टी.बी. का जोखिम बढ़ाने वाले कारणों पर चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री क्षय मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दवा विक्रेता संघ के द्वारा निक्षय मित्र बनकर 03 टी.बी.मरीजों को पोषण आहार किट भी प्रदान किया गया। श्री उइके ने बताया कि पोषण आहार किट में सोयाबीन तेल, फल्लीदाना, गुड, मिश्रित दाल, सोयाबीन और दलिया आदि सामाग्री टीबी मरीजों को 06 माह तक दिया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी दवा विक्रेताओं से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को सहयोग करने की अपील की है।

## प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ वर्चुवल संवाद किया

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत पश्चिम बंगाल राज्य से स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ वर्चुवल संवाद किया। जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्रामीण कार्यक्रम ग्राम पंचायत सुरगी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री लीलाधर साहू, श्री रोहित चंद्राकर, देव कुमारी साहू, जनपद सदस्य पुष्पा गायकवाड़, सरपंच सुरगी श्री आंनद साहू अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी श्री अतुल विश्वकर्मा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री देवेंद्र कौशिक, सीईओ जनपद पंचायत तनुजा मांझी, सहायक परियोजना अधिकारी श्री विजय साहू, विकासखंड परियोजना प्रबंधक श्री सुशील श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## साधारण सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में यह बैठक 11 मार्च 2023 को आयोजित की गई थी। 11 मार्च को प्रदेश स्तरीय पंचायत सम्मेलन में त्रिस्तरीय पंचायतीराज के पदाधिकारी शामिल होने के कारण अब यह बैठक 13 मार्च को आयोजित की गई है।

## राहत मद अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावित को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, तालाब में डूबने से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रूपए, शिवनाथ नदी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रूपए, मधुमक्खी काटने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, तालाब में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, बांध में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। संबंधित तहसीलदारों को सहायता अनुदान राशि भुगतान के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

## मुख्यमंत्री ने स्व. दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहां मुख्यमंत्री निवास में पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, श्रीमती प्रियंबदा सिंह जूदेव और ओम प्रकाश सिन्हा भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री जूदेव मेरे राजनैतिक पथ-प्रदर्शक थे। आज मेरा राजनीतिक जीवन स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव को समर्पित है, उन्हीं की इच्छा थी कि मैं छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनूं। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि उनका आशीर्वाद आज फलित हुआ। स्वर्गीय श्री जूदेव ने हमेशा आदिवासी हक की लड़ाई लड़ी, उन्होंने हमेशा सनातन संस्कारों को बचाए रखने के लिए संघर्ष किया। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आदिवासी कल्याण और राज्य में सुशासन स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।

## थाना कुसमुण्डा द्वारा की गई कार्यवाही

कोरबा।पुलिस कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में हो रहे बैटरी चोरी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री रविन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन पर दिनांक 07.03.2024 को गणेश ऑटो इलेक्ट्रीकल्स एवं गोपाल इलेक्ट्रीकल्स दूकान गेवराबस्ती कुसमुण्डा में अत्यधिक मात्रा में वाहनों में प्रयोग होने वाले बैटरी होने की सूचना पर चेकिंग के दौरान कुल 11 नग एवं 07 नग विभिन्न कंपनियों का कुल 18 नग कीमती लगभग 1,00,000 रुपये का बैटरी मिलने पर अपराध से संबधित होने के संदेह पर धारा 102 जा.फौ. के तहत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया है।

## दंतेवाड़ा पहुंचे सीएम साय का हुआ आत्मीय स्वागत

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दंतेवाड़ा जिले के एक दिवसीय प्रवास पर कारली हेलीपैड आगमन के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान एंटी लैंड माईन व्हीकल का अवलोकन किया,साथ ही दन्तेश्वरी फाईटर्स के महिला जवानों के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दन्तेश्वरी फाइटर के तृतीय लिंग जवान रानी मंडल से हाथ मिलाया। कमान इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी,विधायक चित्रकोट विनायक गोयल तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी., आयुक्त जनसम्पर्क मयंक श्रीवास्तव, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

## शिव का धाम कहा जाता है बस्तर,

# उमा महेश्वरी की सैकड़ों प्रतिमाएं आज भी यहां मौजूद

**रायपुर/जगदलपुर।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर आदिकाल से ही कई परंपराओं को समेटे हुए हैं. रियासत काल से ही बस्तर का काफी महत्व रहा है. वनवासियों की भगवान के प्रति श्रद्धा और अटूट आस्था की वजह से ही आज भी लोग दशहरा और शिवरात्रि के मौके पर इसे उत्सव की तरह मनाते हैं। कहा जाता है कि बस्तर के आदिवासी शिव के उपासक हैं. भगवान शिव को बस्तर में अलग-अलग नामों से भी जाना जाता है. आदिवासी उन्हें यहां बूढ़ादेव, भैरव बाबा, मावली और भोले बाबा के नाम से पुकारते हैं.

सबसे खास बात यह है कि पूरे छत्तीसगढ़ में केवल बस्तर में ही उमा-महेश्वर की एक साथ प्राचीन प्रतिमाएं देखने को मिलती हैं. पूरे बस्तर संभाग में उमा महेश्वर की सैकड़ों की संख्या में पुरानी शिला (पत्थर) से बनी प्रतिमाएं मौजूद हैं. बताया जाता है कि इन प्रतिमाओं को बस्तर में छठवीं शताब्दी में बनाया गया था. छठवीं शताब्दी से लेकर 1300 ई. तक बस्तर के कई स्थानों पर अनेकों प्रतिमाएं बनाई गईं. साथ ही मंदिरों का निर्माण किया गया. इसमें सबसे ज्यादा मंदिर उमा माहेश्वर के मौजूद हैं.







**बस्तर को माना जाता है आदिम संस्कृति का क्षेत्र** उसके बाद भगवान गणेश का मंदिर और प्राचीन प्रतिमाएं बस्तर में सबसे ज्यादा देखने को मिलती हैं. इतिहासकार हेमंत कश्यप ने बताया कि बस्तर को आदिम संस्कृति का क्षेत्र माना जाता है, लेकिन बस्तर की सबसे बड़ी विशेषता है कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस जगह को शिव का धाम कहा जाता है. संभाग के सातों जिलों में भगवान उमा माहेश्वर के सबसे ज्यादा मंदिर और प्रतिमाएं हैं. पुरातत्व विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, पूरे बस्तर संभाग में उमा माहेश्वरी की सैकड़ों प्रतिमाएं जगह-जगह बिखरी पड़ी हैं. उसी नाम से यहां के लोगों के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है. हेमंत कश्यप ने बताया कि, बस्तर के संग्रहालय में उमा महेश्वर की नौ अद्भुत प्रतिमाएं रखी हुई हैं. बस्तर में छिन्दक नागवंश के राजाओं का शासन था. छठवीं शताब्दी से लेकर 1300 ई. तक छिंदक नागवंश के राजाओं ने बस्तर के कई स्थानों पर अनेकों उमा माहेश्वरी की प्रतिमाएं बनवाईं और मंदिरों का निर्माण कराया.

छिंदक नागवंश के राजा शिव के उपासक थे. उपासक होने के कारण उन्होंने शिव पार्वती, भगवान गणेश, स्कंदमाता कार्तिक की अलग-अलग प्रतिमाएं बनवाईं. छिंदक नागवंश के राजाओं ने अलग-अलग प्रकार के शिवलिंग की भी स्थापना कराई, इसलिए इसकी संख्या ज्यादा मानी गई है. हेमंत कश्यप ने बताया कि, बस्तरवासी अपने उमा माहेश्वर इष्ट देवताओं को अलग-अलग नाम से पुकार कर पूजा करते हैं. खास बात यह है कि महाशिवरात्रि के मौके पर बस्तर संभाग के 200 से अधिक जगहों पर मेला लगता है और शिवरात्रि के तीन दिनों तक चलता है।

# मादक पदार्थ का अवैध कारोबार, करने वालों पर बालको पुलिस की कार्यवाही



**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शनव तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में जिले में मादक पदार्थ गांजा का कारोबार करने वालों पर लगाम कसने एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी बालको निरीक्षक अभिनव कांत सिंह हमराह स्टॉफ को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिला था। लालघाट क्रिकेट मैदान के पास का मादक पदार्थ गांजा रखकर स्कूटी होंडा में ग्राहक तलाश कर रहे है। मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्वीर मौके पर जाकर किया गया जो आरोपी बुधराम चौहान पिता परसराम चौहान साकिन चेकपोस्ट भद्रपाड़ा बालको, बिलाल मिश्रा पिता स्वर्गीय ननकी प्रसाद मिश्रा सर्की चेकपोस्ट भद्रपाड़ा बालको के द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 300 ग्राम के साथ होंडा स्कूटी को किया गया जप्त। जिसे वैधानिक कार्यवाही उपरांत वजह सबूत में मुताबिक जपती पत्र के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बालको में अप.क्र. 134/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। प्रकरण के दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा।

## उप स्वास्थ्य केंद्रों में 6 बिस्तर वार्ड का लोकार्पण हुआ है- वित्त मंत्री ओपी चौधरी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज विकासखंड पुसौर में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करते हुए जन सामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2.65 करोड़ की लागत से तैयार नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन सहित 3 करोड़ 70 लाख 48 हजार रुपये के लागत के कुल 9 कार्यों का लोकार्पण किया।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने उपस्थित जनों के साथ पूरे क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इतना अच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ है और आज से ही ओपीडी शुरू हो गया है। अस्पताल को जितने संसाधनों की आवश्यकता होगी उसे प्राथमिकता से प्रदान किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर, नर्स स्टाफ ईमानदारी व समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए अस्पताल को एक मॉडर्न अस्पताल के रूप में स्थापित करें। आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही अन्य स्थानों में प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 6 बिस्तर वार्ड का लोकार्पण हुआ है। इसके साथ उन्होंने बताया कि 321 विद्यार्थियों को शिक्षण प्रोत्साहन के लिए 3-3 हजार रुपये की राशि दिए जाने की घोषणा की और विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हॉस्पिटल के लिए एम्बुलेंस एवं शव वाहन के साथ ही ऑपरेशन थियेटर के समान एवं आर्थो डॉक्टर की मांग पर जल्द स्वीकृति की बात कही।

# राजनांदगांव में नेशनल लोक अदालत आज

**राजनांदगांव ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन के लिए तिथि निर्धारित की गयी है। जिसके तहत 9 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर एवं 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, ड़ोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहाद्रपूर्ण माहौल में किया जाएगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आलोक कुमार द्वारा संबंधित न्यायाधीशों, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।




लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जायेंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में निराकृत किये जायेंगे। यदि कोई भी व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपना प्रकरण निराकृत करना चाहता है, तो वह 9 मार्च 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना प्रकरण निराकृत करा सकते है।

इस बार भी हाईब्रिड लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पक्षकार व अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर व अपने घरों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण करेंगे। लोक अदालत के सफल संचालन हेतु राजनांदगांव जिला न्यायालय की वेब साइट httpsÑ//rajnandgaon.dcourts.gov.in/ पर लिंक की सहायता से पक्षकारों को घर बैठे सीधे लोक अदालत की खण्डपीठ से जुडने में सहायता मिलेगी। यदि कोई पक्षकार लोक अदालत के माध्यम से अपना राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत करवाना चाहते है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क कर सकते है। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा पक्षकारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की गई है।



## ग्राम नलकसा में वनाधिकार पत्रधारियों के कृषि भूमि की समतलीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई

**बालोद।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखंड के सुदूर वनांचल के ग्राम नलकसा के वनाधिकार पत्रधारी 12 हितग्राहियों के कृषि भूमि के समतलीकरण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के द्वारा 02 फरवरी को ग्राम नलकसा के प्रवास के दौरान वनाधिकार पत्रधारियों से बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली थी। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ग्रामीणों के मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 वनाधिकार पत्रधारी कृषकों के बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने हेतु उस भूमि के समतलीकरण हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत भूमि समतलीकरण कार्य हेतु 14 लाख 54 हजार 471 रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ....

# हवाईजहाज से दिल्ली रवाना हुईं विशेष पिछड़ी जनजाति की एसएचजी दीदियां, राष्ट्रपति से करेंगी मुलाकात

### उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने स्व सहायता समूह की दीदियों को घर बुला उपहार देकर किया रवाना

### छत्तीसगढ़ महतारी को साक्षात देखना हो तो समूह की इन दीदियों में उनका स्वरूप दिखता है- विजय शर्मा



**रायपुर।** कभी दिल्ली में वायसराय निवास रहा राष्ट्रपति भवन अब भारत के राष्ट्रपति का निवास है अब यहां एक जनजातीय समूह से आने वाली महिला राष्ट्रपति हैं और छत्तीसगढ़ की सबसे पिछड़ी जनजाति की महिलाएं उनसे मुलाकात करने जा रही हैं। वे कर्तव्यपथ पर विचरण करेंगी, अमृत उद्यान देखेंगी। जैसे भारत का सपना पुरखों ने देखा था। उस रास्ते पर देश बढ़ रहा है।

प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरबा, कमार के स्व सहायता समूह के सदस्यों की 64 महिलाएं आज हवाई जहाज से दिल्ली रवाना हुईं। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इन्हें रवाना किया। वे यहां राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगी। वहां इन्हें अपने समूह द्वारा बनाये गये उपहार भेंट करेंगी। राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करेंगी। ये महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग जिले कबीरधाम, बलरामपुर, रायगढ़, धमतरी, कोरबा, गरियाबंद और जशपुर के स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अपने समूह का संचालन कर अपनी आमदनी को बढ़ावा देकर स्वावलंबी बनने वाली इन महिलाओं को उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की पहल पर हवाई जहाज से दिल्ली ले जाया जा रहा है। आज उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने निवास कार्यालय से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत कर दिल्ली रवाना किया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उन्हें उपहार स्वरूप बैग, जैकेट और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का डिब्बा भेंट किया। उप मुख्यमंत्री से विजय शर्मा ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ महतारी को साक्षात देखना हो तो समूह की इन दीदियों में उनका स्वरूप दिखता है। उन्होंने कहा विशेष पिछड़ी जनजाति की 64 दीदियां राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मिलने हवाई जहाज से जा रही है। ये महिलाएं राष्ट्रपति से मिलकर अपने समूहों के उत्पाद राष्ट्रपति को देंगी। ये दीदियां अमृत उद्यान, स्व सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद बिक्री के लिए बनाए गए बाजार और दिल्ली का भ्रमण करेंगी।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनको स्वावलंबी बनाने की दिशा में महिलाओं को अलग-अलग जगह पर मंच देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है बल्कि उन्हें वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार भी किया जा रहा है।

### 64 दीदियों में 7 दीदियां लखपति दीदी-

दिल्ली जा रहे इन 64 दीदियों में 7 दीदियां लखपति दीदियां हैं, जिनकी आय 1 लाख से ज्यादा की है। जिनमे से जशपुर से बैसाखी बाई, सावित्री बाई, शांति बाई, सुन्दरमती बाई गरियाबंद से विमला बाई और कबीरधाम से देवकी बाई और लामी बैगा है। दीदियों ने बातचीत में बताया कि हम सभी बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि अब तक हवाई जहाज को उड़ते हुए ही देखा था। कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि खुद हवाई जहाज में बैठकर जाएंगे। इस पर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति जी से मिलने का मौका मिल रहा है। हम सब बहुत खुश हैं।

# ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए - कलेक्टर

### जिले के ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का करें निराकरण

**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले के सभी गांवों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की कमी से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलों के माध्यम से पेयजल घरों तक उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत प्रारंभ सभी कार्यों को पूरा करने का कार्य तेजी से करें और इसमें प्रगति लाएं। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जल जीवन मिशन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के हेण्डपंप के सुधार के कार्यों को 15 मार्च से अभियान चलाकर करने कहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होगी। जिन गांवों में पेयजल के संबंध में ज्यादा समस्या आ रही हो वहां स्वयं जाकर देखकर निराकरण करें। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा आबंटित कार्यों पूर्ण करने हेतु समयावृद्धि की मांग की थी, जिस पर समिति द्वारा अर्थदंड अधिरोपित करते हुए समयावृद्धि प्रदान की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत संचालित प्रगतिरत सभी कार्यों की निरंतर मानिटरिंग करते रहे। इसके अलावा जहां कही भी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने सभी जनपद कार्यालयों में एक शिकायत रजिस्टर रखने के निर्देश दिए।

# लड़खड़ाती आवाज में जवान नरेंद्र ने बयां की शौर्य की दास्तान, सुन भावुक हुए मुख्यमंत्री

### राजौरी-पुंछ में 2017 में आतंकवादियों से मुठभेड़ में जवान नरेंद्र को सिर पर लगी थी गोली,लगभग छह महीने तक कोमा में रहे, अब भी शरीर में हैं बारूद के कण



**रायपुर।** वो 12 अक्टूबर 2017 का दिन था। राजौरी- पुंछ में हमारी टुकड़ी गश्त पर निकली थी। पूरा इलाका पहाड़ी है। घात लगाकर छिपे आतंकवादियों ने अचानक हमला कर दिया। भारी गोली-बारी होने लगी। हमने तुरन्त जवाबी कार्यवाही की। एक आतकंवादी को मार गिराया। मगर आईईडी ब्लास्ट में अपने साथियों को खोया भी। मेरे सिर पर गोली लगी थी। सिर का एक हिस्सा ही अलग हो गया था। आप देख रहे हैं अभी भी मेरा सिर एक तरफसे दबा हुआ है।

जब अपनी लड़खड़ाती आवाज़ में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से आए जवान श्री नरेंद्र ने अपने शौर्य की दास्तां मुख्यमंत्री को सुनाई तो मुख्यमंत्री श्री साय भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने जवान श्री नरेंद्र से कहा कि आपको एक लाख रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता देंगे। आपने देश के लिए अपने जान की बाजी लगा दी। वीर जवानों के पराक्रम से हम सब सुरक्षित महसूस करते हैं। आपके शौर्य को नमन है। आपकी हरसंभव मदद करेंगे।

**लगभग छह महीने कोमा में रहा, अब भी शरीर में हैं बारूद के कण**

कल देर रात राज्य अतिथि गृह पहुना में कोरिया जिले के ग्राम -गणेशपुर के रहने वाले और भारतीय थल सेना के जवान श्री नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को श्री नरेन्द्र ने बताया कि सिर में गोली लगने के बाद मुझे जम्मू कमांड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। लगभग छह महीने तक मैं कोमा में रहा। होश आता जाता रहता था। याददाश्त चली गयी थी। हॉस्पिटल में मेरा परिवार एक हफ्ते तक रहा मगर मैं अपनी पत्नी तक को पहचान नहीं पाया। धीरे-धीरे हालत में सुधार हुआ। घटना के वक्त बारूद के कण शरीर के कई अंगों में घुस गए थे जो भी तक मेरे शरीर में हैं। सिर का आधा हिस्सा दब गया है। मेरी आवाज अब भी लड़खड़ाती है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जवान श्री नरेंद्र के जज़्बे की खूब सराहना की । उन्होंने कहा कि आपका देशसेवा का ये जज़्बा सभी के लिए प्रेरक है। ये बहुत गर्व की बात है कि आप छत्तीसगढ़ से हैं। राज्य के युवाओं को आपसे प्रेरणा मिलेगी। इतने गम्भीर जख्मों के बावजूद आपने हिम्मत नहीं हारी। आपके परिवारजन भी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने आपके साथ इन तकलीफें को झेला है । इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती आरती मरपच्ची सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बकाया सम्पतिकर अदा नहीं करने, गुमास्ता, अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर जोन 3 राजस्व विभाग ने मेंस सेलून को किया

### बकायादार जलाराम सेनेटरी हार्डवेयर को बकाया अदा नहीं करने पर किया गया सीलबंद



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से राजस्व वसूली अभियान तेजी से प्रगति पर है. नगर निगम के बकायादारों से बकाया राजस्व वसूलने कार्यवाही जारी है. इस क्रम में आज नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री महादेव रक्सेल के नेतृत्व, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री मोहिब खान, श्री उत्तम सोनी की उपस्थिति में जोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग की टीम ने जोन के तहत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 के मोवा क्षेत्र में मेंस सेलून द्वारा रूपये 240234 का बकाया सम्पतिकर अदा नहीं किये जाने और गुमास्ता अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं बनाने पर स्थल पर कड़ी कार्यवाही करके दुकान को तत्काल सीलबंद कर दिया है.नगर निगम जोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 505644 रूपये के बकायादार राजकुमार नज्यनी के हॉस्टल को बकाया सम्पतिकर अदा नहीं किये जाने पर तत्काल सीलबंद कर दिया गया है, वहीं जोन के तहत लोधीपारा चौक में निगम के रूपये 286928 के बकायादार जलाराम सेनेटरी हार्डवेयर को बकाया सम्पतिकर अदा नहीं किये जाने पर तत्काल सीलबंद कर दिया गया है. आयुक्त के आदेशानुसार नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा बकायादारों से बकाया वसूलने उनके सम्बंधित संस्थानों में सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी. नगर निगम राजस्व विभाग ने सभी बकायादारों से तत्काल सम्पूर्ण बकाया राशि अदा करने पुनः एक बार अपील की है, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की समस्या का सामना करने तैयार रहने कहा है.

# मुख्यमंत्री साय करेंगे हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ

### जगार 2024 का आगाज 10 मार्च को



रायपुर । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा जगार 2024 का 10 मार्च शाम 7 बजे शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले इस हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव करेंगे।

जगार 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य के सुप्रसिद्ध हस्तशिल्प बेलमेटल शिल्प (ढोकरा), लौह शिल्प, काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प, कालीन शिल्प, शिशल शिल्प, गोदना शिल्प, तुमा शिल्प, टेराकोटा शिल्प, छींद-कांसा शिल्प की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हाथकरघा वस्त्रों में कोसा साड़ियाँ, दुपट्टा, सलवार सूट, ड्रेस मटेरियल एवं कॉटन बेडशीट, चादरें, ड्रेस मटेरियल, सर्टिंग एवं विभिन्न प्रकार की खादी रेडीमेड वस्त्रों आदि जगार का मुख्य आकर्षण रहेंगे। जगार में अन्य राज्यों से उत्तरप्रदेश लखनऊ की चिकनकारी, बनारसी साड़ी, ड्रेस मटेरियल, मध्यप्रदेश की चंदेरी, महेश्वरी साड़ियों एवं बाघ प्रिंट की ड्रेस मटेरियल एवं टिकमगढ़ का पीतल की मूर्तियाँ, पश्चिम बंगाल का जूटवर्क, कांथा वर्क तथा बंगाली साड़ियाँ सहित, पंजाब की फुलकारी एवं पंजाबी जुतियाँ, राजस्थान की चर्मशिल्प की मोजरी एवं एम्बाईडरी के सलवार सूट, दिल्ली की ज्वेलरी, हरियाणा पानीपत का बेडशीट, महाराष्ट्र के कोल्हापुरी चप्पल, बिहार के भागलपुरी ड्रेस मटेरियल, जम्मू कश्मीर के शॉल एवं साड़ियाँ इस प्रकार कुल 11 राज्यों के विभिन्न शिल्पकलाओं एवं हाथकरघा सामग्री का विशाल संग्रहण उपलब्ध रहेगा, जिसमें स्वयं शिल्पकार अपनी उन्नत शिल्पकला के हुनर का प्रदर्शन सह विक्रय करेंगे। जगार 2024 हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन 10 मार्च से 19 मार्च 2024 तक छत्तीसगढ़ हाट परिसर पंडरी, रायपुर में होगा, जिसमें प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# समय सीमा में संयंत्र नहीं लगाने वाले उद्योगों को तीन दिन के भीतर जारी करें नोटिस - उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन

### प्रदेश में शीघ्र की नई औद्योगिक नीति 2024-2029 लागू की जाएगी

### बैठक में अनुपस्थित नारायणपुर के महाप्रबंधक को शो-काज नोटिस जारी



**रायपुर।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग के नाम पर जमीन लेने के लिए बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को तीन दिन के भीतर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आज गुरुवार को सर्किट हाउस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों की बैठक लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित नारायणपुर के जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के प्रबंधक श्री कमल सिंह मीणा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं अपर संचालक उद्योग श्री अलोक त्रिवेदी, श्री प्रवीण शुक्ला, श्री संतोष भगत सहित जिलों से आए अधिकारी उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सभी जिलों से आए महाप्रबंधको को निर्देश देते हुए कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी की सोच है कि ज्यादा से ज्यादा हाथों में रोजगार हो, हमें रोजगार के साथ उनको काबिल भी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगे, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े। उद्योग मंत्री ने कहा कि जमीन आबंटन के बाद भी अगर उद्योग स्थापित नहीं हुए हैं, ऐसे उद्योगों के अधिकृत व्यक्ति को नोटिस जारी करें और अगर फिर भी उद्योग नहीं लगाया गया तो जमीन आबंटन निरस्त करने की कारवाई करें। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में उद्योग-धंधा सहायक हो सकता है। राज्य सरकार द्वारा शीघ्र की नई औद्योगिक नीति 2024-2029 लागू की जाएगी।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा आवेदको स्वरोजगार के लिए लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। लोन पास करने के नाम पर बैंकर्स हितग्राहियों बैंकों के बार-बार चक्कर न लगवाएं। उद्योग विभाग के अधिकारी इस बात के विशेष ध्यान रखें।मंत्री श्री देवांगन ने नए जिलों में भी सभी योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

# पत्नी से प्रेम संबंध के शक में पति ने कराई थी सुपारी किलिंग, तीन गिरफ्तार




**बलरामपुर।** जिले में रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत एक युवक की बेरहमी से गला रेतकर की गई हत्या मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या का मुख्य कारण शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग था जिसके चलते महिला के पति ने दो लोगों को सुपारी देकर युवक ही हत्या करवा दी।

बता दें कि बलरामपुर के रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम तिलाजु आनंदपुर मार्ग में बलवा डामर जंगल के पास 6 मार्च को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी जिसकी गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया, जिसमें मृतक की पहचान जमशेद अंसारी उम्र 24 वर्ष आनंदपुर निवासी के रूप में हुई। मृतक जमशेद अंसारी मंगलवार यानी 5 मार्च को एक शादी समारोह में गया हुआ था। जहां से वह रात में घर नहीं लौटा था और अगले दिन सुबह सड़क किनारे जंगल में उसकी लाश मिली। वहीं इस घटना से ग्रामीण काफी नाराज हुए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए रामानुजगंज-रामचंद्रपुर मार्ग को जाम कर दिया था। मामले में पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी हुई थी। और जांच के बाद आखिरकार पुलिस ने हत्या करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशरफ अंसारी सहित मकसूद आलम तथा इकरार अंसारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये मुख्य हत्यारे अशफाक ने पुलिस को बताया कि मृतक युवक का उसकी पत्नी के साथ प्रेम संबंध होने का शक था।

जिसके चलते अशरफअंसारी ने दो सहयोगियों को 1 लाख 80 हजार रुपये में युवक की हत्या की सुपारी दी थी। आरापी ने पुलिस को बताया कि युवक के साथ में उसकी पुरानी जान पहचान थी और शादी समारोह में साथ में गए थे। शादी समारोह से वापस आने के दौरान आरोपियों ने बीच रास्ते में डंडे से पहले मारकर पहले जमशेद को अधमरा किया। उसके बाद रोड से उसे घसीटते हुए गड्ढे के पास ले गये और वहां पर गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। मामले में तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## संपादकीय

## सीबीआई के शिकंजे में आया तो चेहरे की उड़ी हवाइयां, सख्त मिले सजा

एजेंसीज के रूख से, सरकार के तेवरों से, कैसे अपराधी का रवैया और उसके हावभाव बदलते हैं, ये भी बुधवार को साफ नजर आया। सीबीआई की टीम जब शेख शाहजहां को मेडिकल चैकअप के लिए ले जा रही थी, तो उसके चेहरे पर हवाइयां उड़ रही थी, चेहरा उतरा हुआ था। लेकिन ठीक एक हफ्ते पहले जब पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शाहजहां को कोर्ट में पेश किया था तो पुलिस उसे एस्कॉर्ट कर रही थी। शेख शाहजहां जेब में हाथ डालकर कोर्टरूम में घुसा। उसने कैमरे देखकर विक्ट्री साइन दिखाई । इसके बाद जब कोर्ट से बाहर निकला, उस वक्त गाड़ी में बैठने से पहले नेताओं की तरह उसने पब्लिक की तरफ हाथ हिलाकर वेव किया। लेकिन जब शाहजहां सीबीआई की गिरफ्त में आया तो उसकी सारी अकड़ खत्म हो चुकी थी। और जो रही सही है, वो अगले दो चार दिनों की खारितरदारी में खत्म हो जाएगी। शाहजहां अब CBI की कस्टडी में है। अब उसे याद आ रहा होगा कि वो अपनी पब्लिक मीटिंग्स में लोगों से कहता था कि CBI और श्वष्ठ उसका बाल भी बांका नहीं कर सकते। वो कहता था कि भगवान से प्रार्थना करो कि उसे गुस्सा ना आए, अगर उसे गुस्सा आया तो वो बीजेपी के वर्कर्स के दांत तोड़ देगा और बीजेपी के नेताओं की खाल खिंचवा देगा। कोई भी लीडर चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, बिना मुख्यमंत्री की शह के, बिना मुख्यमंत्री के संरक्षण के सरेआम इस तरह की बातें नहीं कह सकता। अब तो ममता बनर्जी को भी इस बात का एहसास हो गया होगा ।



### कोई कविता नहीं लिखता

सड़क के लिए?
सड़क बेचारी
कभी सुनसान, कभी बियाबान
कभी पथरीले, कभी कटीले,
भीड़ के हादसे को सहते,
मशीनी हाथियों का सैलाब
दर्द सहती, गुमसुम
चलती जाती है,
दर्द की अभिव्यक्ति
किससे कहें, किसकी सुने,
नियति उसकी दर्द झेलना ही है,
किसी को उसके दर्द से क्या दर्द,
हां कभी कोई लहूलुहान,
वक्त का मारा,
हादसों का शिकार
लग कर गले,
बहा जाता है रक्त
और दर्द के दो आंसू
एक अपने लिए और
एक शायद उसी की तरह
जीती और दर्द भोगती
सड़क के लिए,
वह घायल पथिक जानता है
इसका अपना कोई सगा नहीं,
इसे चलते जाना है
सिर्फ चलते जाना है,
सड़क की कोई आत्मा,
दिल या दोस्त नहीं,
कोई नहीं कहता कोई शब्द
और नहीं करता सार्थक संवाद
बेचारी सड़क के लिए,
गोष्ठी नहीं होती है,
कोई नहीं
लिखता कविता
सड़क के लिए?

**- संजीव ठाकुर**



# सर्वप्रिय नेतृत्व के आदर्श प्रतिमान हैं भगवान शिव

भगवान शिव सर्वप्रिय देवता हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें जगत्वन्द्य कहा है -'संकर जगत् वन्द्य जगदीसा' - अर्थात भगवान शंकर संसार के स्वामी हैं और समस्त संसार' उन्हें वंदनीय मानता है। देवता, मनुष्य, ऋषि मुनि सब उन्हें नमन करते हैं। यहाँ प्रयुक्त 'सब' शब्द में देवताओं, मनुष्यों और साधारण मनुष्यों से अधिक अलौकिक शक्ति सम्पन्न मुनियों के साथ यक्ष, किन्नर, नाग, असुर आदि अन्य जातियाँ भी समाहित हो जाती हैं। भगवान शिव जगत वंध होने के कारण सब के प्रिय आराध्य हैं। इस संदर्भ में यह विचारणीय प्रश्न है कि जब देवता और दैत्य परस्पर शत्रु हैं तब देवाधिदेव महादेव दैत्यों के लिए भी वंदनीय क्यों हैं ? दैत्य वरदान प्राप्ति के लिए सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा की शरण में जाते हैं। उनकी तपस्या करते हैं किन्तु उनकी पूजा नहीं करते। दैत्य विष्णु से कभी कोई याचना नहीं करते परन्तु शिव के समक्ष सदा नतमस्तक मिलते हैं। शिव की इस सर्वप्रियता का रहस्य उनकी कल्याणकारी शक्ति और त्यागपूर्ण सरलता में निहित है। नेतृत्व यदि सर्वप्रिय होना चाहें तो उसे भी शिव के समान सहज सुलभ और सबके प्रति कल्याणकारी बनना चाहिए।

'शिव' का एक अर्थ कल्याण' भी है। कल्याण सब चाहते हैं- देवता भी और दैत्य भी। अतः शिव के भक्त सभी हैं। कल्याण-कामना से किसी का विरोध नहीं होता। इसलिए शिव से भी किसी का विरोध नहीं है। शिव वैदिक-पौराणिक देवता होने के साथ- साथ लौकिक घरातल पर भी एक ऐसे नेहूत्व का प्रतीकार्थ देते हैं जो सबका भला चाहता है, सबका भला करता है, सबके लिए सुलभ है और भोला-भंडारी है। जो वीतरागी है, संन्यासी है, जिसका अपना अपने लिए कुछ नहीं, अपना सब कुछ सबके लिए हैं। जो समन्वय की सामर्थ्य से युक्त है और विरोधों में सामंजस्य बैठाना जानता है, जिसे अपयश, अपमान एवं निन्दा का विष पीना- पचाना और समाज के लिए घातक भयानक विषधरों को वश में करना आता है। ऐसा ही व्यक्तित्व शिव हो सकता है, लोक के लिए शुभ हो सकता है और सर्वप्रिय तथा जगतबंद्य बन सकता है।

शिव के कंठ में, भुजाओं में नाग लिपटे हैं। नाग संसार के लिए भयकारी हैं किन्तु जब वे शिव के नियन्त्रण में उनकी देह पर मालाओं के समान शोभायमान होते हैं तब लोक के लिए भय का कारण नहीं रह जाते। लौकिक संदर्भ में नाग अपराधी ताकतों के प्रतीक हैं। लोक के कल्याण के लिए इनका नियंत्रण आवश्यक है। शिव वही हो सकता है जो इन पर नियंत्रण कर सके। नेतृत्व की शिवता शिव जैसी नियन्त्रण-शक्ति की अपेक्षा करती है।

शिव को त्रिलोचन कहा गया है। दो नेत्र तो सबके पास हैं। सब उनसे देखते हैं, अनुमान लगाते हैं और निष्कर्ष निकालकर कार्य करते हैं किन्तु शिव ज्ञान के तृतीय नेत्र से देखकर विचार करते हैं। सही निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए ज्ञान के तृतीय नेत्र का सदुपयोग शिव-नेतृत्व की परम उपलब्धि है। ज्ञान का यही तृतीय नेत्र लोक-कल्याण के लिए आवश्यकता पड़ने पर रुद्र रूप धारण कर अशिव शक्तियों के संहार का कारण भी बनता है। समाज की सुरक्षा के लिए नेतृत्व के तीसरे नेत्र का संहारक रौद्ररुप लेना और उसकी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उसका विचार सम्पन्न ज्ञान रूप में परिणत होना आवश्यक है। भगवान शंकर के इस तीसरे नेत्र का रहस्य समझकर ही कोई नेतृत्व समाज को समृद्धि और सुरक्षा देकर सर्वप्रिय बन सकता है। लच्छेदार बातों और कोरे



वादों की बौछारें समाज को वहका सकती हैं, बहला सकती हैं उसे रिझाकर वोट बटोर सकती हैं लेकिन समाज का भला नहीं कर सकतीं।

शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए। निजी महत्वाकांक्षाएं नेता को इंद्र बना सकती हैं, शिव नहीं और इन्द्र कभी सर्वप्रिय नहीं हो सकते। इंद्र व्यवस्था चला सकते हैं किन्तु समाज पर आयी विपदाओं के निवारण के लिए सक्षम नहीं हो सकते। इस कार्य के लिए उन्हें शिव आदि अन्य शक्तियों की शरण में आना पड़ता है। नेतृत्व का इन्द्र बन जाना समाज के लिए शुभ नहीं होता। समाज की शुभता तो शिवता की विलासिता विहीन भस्मरागमयी भूमि में ही विलसती है।

भगवान शिव नित्य शुद्ध हैं। शुद्धता का संधारण मन, वाणी और कर्म से होता है। शिव की कथाओं में कोई प्रसंग ऐसा नहीं मिलता जब उन्होंने कहीं किसी से कोई छल किया हो। समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति भी यदि शुद्ध हो, छल-फरेब न करे, झूठ न बोले तो उसकी विश्वसनीयता समाज में स्वतः बढ़ जाती है और तब उसकी सर्वप्रियता का पथ प्रशस्त होने लगता है। नेतृत्व की शुचिता समाज में भी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करके समाज से भ्रष्टाचार दूर कर सकती है। लोकजीवन में आचरण की पवित्रता नेतृत्व के शिवत्व की शुचिता पर निर्भर है। शुद्धता के अभाव में सामाजिक लोकप्रियता संभव नहीं।

निजी आवश्यकताओं में न्यूनता शिव का आदर्श है। अन्न, वस्त्र और आवास लोकजीवन की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। शिव सबके लिए इन आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। शिव की पत्नी भगवती पार्वती का एकनाम अन्नपूर्णा भी है। माता अन्नपूर्णा की शिवगृह में उपस्थिति सबका पेट भरने की गारंटी है। अन्नपूर्णा सुख समृद्धि देकर लोक में वस्त्र और आवास की लौकिक आवश्यकताओं की पूर्ति का भी प्रतीकार्थ हैं। शिव और अन्नपूर्णा की यह पौराणिक युति नेतृत्व और नीति में सामंजस्य को संकेतित करती है।

लोक का कल्याण चाहने वाले नेता की नीति ऐसी होनी चाहिए जो सबकी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। स्वयं शिव इन अनिवार्यताओं से भी परे हैं। वे दिगम्बर हैं, उन्हें अन्न और आवास भी नहीं चाहिए। वस्त्र के नाम पर बाघम्बर, भोजन के लिए बिल्वपत्र-भांग-धतूरा और आवास के लिए कैलाश अथवा श्मशान। शिव से संदर्भित ये उपादान संकेतित करते हैं कि सर्वप्रिय होने के लिए त्याग का निर्वाह परम आवश्यक है। नेता को अपने लिए वे सुविधाएं भी नहीं चाहिए जिनकी व्यवस्था वह अन्य के लिए अनिवार्य रूप से करता है।

शिव का विषपान लोक कल्याण के लिए आवश्यक शर्त है। अमृत सब चाहते हैं, विष कोई नहीं चाहता। यश की अभिलाषा सब करते हैं किन्तु लोक की भलाई के लिए अपयश स्वीकार करने को कोई विरला ही तैयार होता है। जो नेता निर्भय होकर समाज के कल्याण के लिए अपमान और अपयश का विष पचा जाता है, वही सर्वप्रिय बन पाता है। समाज को नेतृत्व के लिए सदा शिव की प्रतीक्षा रहती है क्योंकि शिव ही स्वयं विष पीकर औरों को अमृत प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

शिव करुणावतार हैं। अतः नेता को भी करुणा से समृद्ध होना चाहिए जब तक नेतृत्व में जनता के प्रति करुणा का कोमल भाव नहीं होगा. तब तक वह उसके दुख दूर करने के लिए सच्चे प्रयत्न भी नहीं कर पाएगा। शिव की भाँति करुणा करके सबकी पीड़ा हरने बाला नेता ही सबका प्रिय बन सकता है। आज अभावों से जूझती, असुरक्षित अनुभव करती डर-डर कर जीती जनता अपने नेताओं से करुणा की आशा करती है।

विरोधों और विषमताओं के बीच समन्वय और सामंजस्य स्थापित करने की संज्ञा ही शिव है। शिव-परिवार में उनके पुत्र कार्तिकेय का वाहन मयूर शिव के कंठ में पड़े नाग का घोर शत्रु है। शिवपत्नी पार्वती का वाहन सिंह शिव के वाहन नंदी का विरोधी है, फिर भी शिव परिवार में सब साथ-साथ हैं, सुखी हैं और अपने-अपने कार्य में व्यस्त हैं। विरोधों में सामंजस्य की यही सामर्थ्य शिव- नेतृत्व के माध्यम से समाज में संघर्ष का शमन कर सकती है।

शिव अर्थात कल्याण के लिए शक्ति चाहिए, सामर्थ्य चाहिए। शक्ति दो प्रकार की है- बुद्धि की और देह की, शास्त्र की और शस्त्र की। दोनों ही प्रकार की शक्तियाँ शिव की दो संतानों के रूप में उनकी वशवर्ती हैं। गणेश और कार्तिकेय के रुप, गुण और कार्य में इन शक्तियों की प्रतीकात्मकता के दर्शन होते हैं।

इस प्रकार शिव सर्वप्रिय नेतृत्व के लिए आदर्श प्रतिमान हैं। आज लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोक के नेतृत्व का सूत्रधार वही बन सकता है जो सर्वप्रिय हो, सर्वप्रिय न हो तो बहुप्रिय अवश्य हो। नेतृत्व की बहुप्रियता शिव की सर्वप्रियता के अनुकरण में ही संभव है। शिवरात्रि के इस पावन पर्व पर यदि हमारे नेता भगवान शिव के गुणों का अनुसरण करें तो वे भी सर्वप्रिय और जगतवन्द्य बन कर सबका कल्याण कर सकते हैं।

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**
**यह निजी विचार है।**

# 'मोदी का परिवार' अभियान विपक्षी दलों के लिये चुनावों में भारी पड़ सकता है



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच 'परिवारवाद' के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप 'चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है।

भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने का एक महा-अभियान शुरु कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहा तो भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब 'मोदी का परिवार' मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है।

नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही



हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, चुनावी सभाओं एवं चर्चाओं में भाषा की मर्यादा बिखर रही है, लेकिन मोदी अपने उद्बोधन में भाषा की मर्यादा को कायम रखते हुए कड़वे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। विपक्ष के बेतुके बयानों एवं आरोपों से चुनावी परिदृश्य पल-पल बदलते हुए भाजपा की जीत को सहज बना रहे हैं। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने समूचे देश को अपना परिवार कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि ऐसे अशालीन एवं बचकाने बयानों से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़ें खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है, मोदी अधिक चमके हैं, अधिक सशक्त बने हैं। इसका जवाब भी मोदी ने ही दिया कि भारतीय समाज नकारात्मकता को सहन कर लेता है, स्वीकार नहीं करता है।' आज जैसे बुद्धिमानी एक ''वैल्यू'' है, वैसे ही बेवकूफी भी एक ''वैल्यू'' है और मूल्यहीनता के दौर में यह मूल्य काफी प्रचलित है। लेकिन आज के माहौल में इस ''वैल्यू'' को फायदेमंद मानना राजनीति की एक अपरिपक्वता एवं नासमझी ही कही जायेगी। कांग्रेसी नेताओं एवं अन्य दलों के नेताओं की फिसली जुबान से भाजपा को संजीवनी ही मिल रही है।

मोदी का जहां तक संबंध है, विपक्ष के आरोपों को उन्होंने हमेशा बहुत गंभीरता से लिया है, उनके आहत मन को उनकी चुटकियों और उक्तियों में समझा जा सकता है। अपशब्दों और आरोपों से वह आहत हैं और उन्होंने यह भी छिपाया नहीं। उन्होंने अपनी ओर से भी शालीनता से सुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। विपक्ष परिवार एवं परिवारवादी राजनीति के शोर के साथ विरोध में जुट रहा है, मोदी देश की असंख्य जनता के दिलों में जगह बनाने में कामयाब हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'ये लोग तो अपने और अपने लोगों के लिए जी रहे हैं, लेकिन मोदी देश के 25 करोड़ परिवारों का सदस्य है। मेरे लिए 25 करोड़ परिवार ही सुरक्षा कवच हैं, जिसे आप इन शस्त्रों से कभी भेद नहीं सकते।' यह एक तरह से विपक्ष की ओर इशारा भी है कि हमले की उसकी तैयारी मुकम्मल नहीं है, निस्तेज एवं आधारहीन आरोपों की विपक्षी संस्कृति उसके लिये ही नुकसान का कारण बनती रही है। प्रधानमंत्री के जवाब ने बता दिया कि मजबूत सत्ता पक्ष के सामने बिखरे हुए विपक्ष की मंजिल अभी दूर है।

**यह निजी विचार है ।**

# भारत के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में न्याय सहायक कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा

**जन सेवा जनता के द्वार में नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम बनाने के लिए न्याय विभाग के स्टालों के अलावा नागरिक केंद्रित विभागों द्वारा भी स्टाल लगाए जाएंगे**



**लोकशक्ति। पीआईबी।** एक गणतंत्र के रूप में भारत के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान कार्यक्रम कल राजस्थान के बीकानेर शहर में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, 24 जनवरी, 2024 को न्याय विभाग ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसके दौरान उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' नामक एक साल तक चलने वाले अभियान का उद्घाटन किया था। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना तथा उन्हें संविधान और उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक बनाना था। इस कार्यक्रम के दौरान पूरे साल नियमित अंतराल पर क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, ताकि जागरूकता और उत्साह की यह लहर समाज के हर कोने तक पहुंच सके। इसी तरह का एक कार्यक्रम कल राजस्थान के बीकानेर शहर स्थित महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. डीवाई चंद्रचूड़; न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, मुख्य न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय और राजस्थान के कानून मंत्री श्री जोगाराम पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, दिशा योजना के तहत टेली लॉ कार्यक्रम के फील्ड स्तर के पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, कानून के छात्र और संकाय भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

यह परिकल्पना की गई है कि 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' अभियान के लक्ष्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के लिए इस कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और सार्वजनिक हस्तियों की उपस्थिति रहेगी। इस अनुपालन में राजस्थान के बीकानेर शहर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि यह अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी एक मार्गदर्शक के रूप में काम कर सके।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करना और हमारे देश को जोड़ने वाले साझा मूल्यों का जश्न मनाना है। इससे नागरिकों को हमारी लोकतांत्रिक यात्रा में सार्थक रूप से शामिल होने और उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाने का अवसर भी उपलब्ध होगा।

इस कार्यक्रम में भारत के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में ÷न्याय सहायक÷ कार्यक्रम का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया जाएगा। ये न्याय सहायक आकांक्षी ब्लॉकों और जिलों में न्याय विभाग की कानूनी सेवाओं और समाधानों के बारे में घर-घर जागरूकता फैलाने के लिए एक समुदाय आधारित दूत के रूप में कार्य करते हैं। ये न्याय सहायक कानूनी सेवाओं को आयोजित करने और उन्हें घर-घर पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होंगे। ये मुकदमेबाजी से पहले सलाह या मामले का प्रतिनिधित्व मांगने के लिए लाभार्थियों के मामलों के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेंगे। इसके अलावा ये कानूनी जागरूकता और कानूनी साक्षरता ÷विधि बैठक÷ का ब्लॉक स्तर के अधिकारी के सहयोग और मार्गदर्शन से गांव या ब्लॉक स्तर पर संचालन करेंगे।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ÷जन सेवा जनता के द्वार÷ (÷लोगों के दरवाजे पर सार्वजनिक सेवा÷) है जो नागरिकों को नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने और समावेशी विकास तथा सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नागरिकों को एक ही स्थान पर सारी सेवाएं उपलब्ध कराने में न्याय विभाग के स्टालों के अलावा नागरिक केंद्रित विभागों द्वारा भी कई स्टाल लगाए जाएंगे। यह जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से शुरू की गई एक पहल है। राज्य स्तरीय टेली-लॉ कार्यशाला और मेला आगे आने वाली चुनौतियों का सामना करने तथा हमारे सामूहिक अनुभवों, साझा श्रेष्ठ प्रथाओं से अभिज्ञान एकत्र करने के लिए लगातार सुधार और नवाचार के लिए इसे अधिक उत्तरदायी बनाता है। यह हमारे प्रमुख कार्यक्रमों की समावेशी पुनरावृत्ति के लिए हमारे प्रयासों एवं पहल की दिशा में एक पाठ्यक्रम तैयार करने के उद्देश्य से निरंतर सुधार और नवाचार के लिए प्रयास करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के अन्य मुख्य आकर्षणों में राजस्थान राज्य पुस्तिका का विमोचन शामिल है जो राज्य की महत्वपूर्ण योजनाओं और टेली लॉ कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रस्तुत करती है।

इस अभियान के तहत नारी-भागीदारी अभियान के एक मजबूत समर्थन के रूप में, 'लाभार्थियों की आवाज' का एक विशेष महिला संस्करण जारी किया जाएगा जिसमें टेली लॉ कार्यक्रम के तहत महिला लाभार्थियों द्वारा कानूनी कार्रवाई और सशक्तिकरण की 75 मजबूत कहानियां शामिल हैं। यह पुस्तिका अन्य महिलाओं के लिए अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए न्याय विभाग की सेवाओं और समाधानों का लाभ उठाकर उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने का कार्य करती है।

क्षेत्र पदाधिकारी-ग्राम स्तर के कर्मचारी, जो कार्यक्रम के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं, ये साल भर प्रस्तावना पढ़ने और उपविषय सबको न्याय हर घर न्याय के तहत पंच प्रण प्रतिज्ञा लेने जैसी गतिविधियां चलाएंगे। इनमें नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

## शक्ति वंदन अभियान के तहत जिले की महिलाओं वर्चुअल माध्यम से पीएम मोदी को सुना



**कोण्डागांव** – शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से देश की मातृशक्ति को अवगत कराने शक्ति वंदन अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूरे देश की महिलाओं को सम्बोधित किया। महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना, हर घर नल योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया।

जिले में 08 स्थानों में शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, हितग्राही महिलाओं ने हिस्सा लिया। माकड़ी के मंडी प्रांगण में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की दीदियां, स्वच्छता दीदियां, शासन की योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं उपस्थित रहीं। इस इस अवसर पर जनप्रतिनिधि दीपेश अरोरा ने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं और इन योजनाओं का लाभ लेकर माताएं-बहनें सशक्त हो रहीं हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर घर में शौचालय, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना, आर्थिक मजबूती हेतु लखपति दीदी योजना, महतारी वंदन योजना एवं बिहान अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ रोजगार प्रदान किया जा रहा है। शक्ति वंदन कार्यक्रम विकासखण्ड बड़ेराजपुर में विश्रामपुरी मिनी स्टेडियम, विकासखण्ड कोण्डागांव में बड़ेकनेरा, सातगांव, गोलावंड, विकासखण्ड माकड़ी में माकड़ी एवं हीरापुर तथा विकासखण्ड फरसगांव में हॉस्पिटल ग्राउंड एवं बड़ेडोंगर में आयोजित किया गया।

## कलेक्टर ने गोलावण्ड एकलव्य छात्रवास में

# अव्यवस्था पर अधीक्षिका पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**कोण्डागांव ।** गुरूवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गोलावण्ड स्थित एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय एवं छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय एवं छात्रावास के कक्षों का निरीक्षण किया तथा स्कूल के शिक्षकों से व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।

लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किताबें वितरण पंजी का मुआयना करते हुए लाईब्रेरी में माध्यमिक कक्षाओं हेतु पुस्तकों की उपलब्धता न होने पर प्राचार्य को विद्यालय के सभी स्तरों के बच्चों हेतु किताबों की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये। विद्यालय कक्षों के अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों के स्मार्ट टीवी संचालन के कौशल की भी जांच करते हुए सभी को स्मार्ट टीवी संचालन हेतु प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया।

इसके उपरांत उन्होंने बालिका छात्रावास के कक्षों में जाकर विद्युत उपकरणों की जांच करते हुए उपकरणों के खराब होने एवं मच्छरदानी लगाने के लिए उचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बच्चों से गणवेश, जुते वितरण एवं शिक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बच्चों द्वारा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए खाने के मैन्यू के संबंध में भी पूछे जाने पर जानकारी दी। जिसमें मैन्यू अनुसार भोजन न दिये जाने तथा किचन में पानी की उचित व्यवस्था न होने, हॉस्टल में टीवी एवं सीसी टीवी के खराब होने, विजिटर पंजी के उचित तरीके से संधारित न करने, बच्चों को खेल सामाग्री वितरित न करने पर रोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने प्राचार्य एवं अधीक्षिका को कड़ी चेतावनी देते हुए दो दिनों के भीतर व्यवस्था सुधार करने को कहा तथा बालिका छात्रावास में अव्यवस्था को देखते हुए अधीक्षिका पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उसे निलंबित करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

कलेक्टर ने किचन व मेडिकल व्यवस्था का भी जायजा लेते हुए स्टाफ नर्स से आपातकालीन चिकित्सा हेतु दवाईयों की उपलब्धता तथा किचन में सब्जी की उपलब्धता की भी जांच की। बच्चों से चर्चा के दौरान नवमीं कक्षा की साक्षी नेताम द्वारा कलेक्टर से टाइम मैनेजमेंट करने के तरीकों के संबंध में पूछा जिस पर कलेक्टर ने आत्मीयता पूर्वक अपने सुबह से लेकर शाम तक के दिनचर्या के बारे में बताते हुए टाइम मैनेजमेंट के तरीकों के संबंध में बच्चों को बताया। इस अवसर पर एसडीएम निकिता मरकाम भी उपस्थित रही।

## सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत...

**कोंडागांव ।** जिले के घोडागांव में बुधवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अन्य कार्यकर्ता घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष के परिवार में शोक की लहर छा गई। घटना के बाद परिजनों का अस्पताल पहुंचना शुरू हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। थाना पुलिस के मुताबिक, कोंडागांव भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलावर कपाड़िया अपने साथियों के साथ कोंडागांव से जगदलपुर अपनी कार में सवार होकर आ रहे थे। घोडागांव के पास अचानक से सड़क पार कर रहे बच्चों के साथ ही मवेशी को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकरा गई।

## कलेक्टर–एसपी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव** लोकसभा निर्वाचन 2024 के पूर्व तैयारियों के अवलोकन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी वाय अक्षय कुमार ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बिजली आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के साथ सीसीटीवी द्वारा निगरानी को देखते हुए परिसर में व्यवस्था के आवश्यक निर्देश देते हुए बैरिकेटिंग एवं अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने हेतु कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व स्थल की सफाई एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना निर्माण तथा डेटा सेंटर तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम निकिता मरकाम, सीएसपी आर कुमार, ईई पीडब्लूडी एआर मरकाम, सीएमओ नगरपालिका भूपेन्द्र वाडेकर, एसडीओ पीडब्लूडी आरएन उसेण्डी, सहायक अभियंता नगरपालिका विजय मेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कुलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की राजेश्री महन्त जी ने



**संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज परंपरागत रूप से राजीव लोचन मंदिर राजिम पहुंचे यहां उन्होंने सबसे पहले भगवान राजीव लोचन की पूजा अर्चना की तत्पश्चात मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों के साथ में बाजे– गाजे सहित भगवान कुलेश्वर नाथ के दर्शन पूजन के लिए उपस्थित हुए यहां विधिवत पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद अनेक शिवालयों में पहुंचकर उन्होंने भगवान की आराधना, पूजन किया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ जी का भी दर्शन पूजन किया। बाद में वे साहू समाज द्वारा राजिम मेला के अवसर पर आयोजित विशाल भोग भंडारा में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भोजन प्रसाद वितरण किये। भक्त माता राजिम भोग भंडारा समिति के द्वारा उनका बड़े ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने इस अवसर पर अपने आशीर्वचन संदेश में साहू समाज के सभी पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि –भगवान राजीव लोचन का भोजन प्रसाद आप लोग सभी भक्त श्रद्धालुओं को प्रदान करके पुण्य के भागी बने हैं। भगवान जगन्नाथ जी की कृपा सभी के परिवार के ऊपर निरंतर बनी रहे, धर्म के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहें यही शुभकामना तथा बधाई है। इस पूरे कार्यक्रम में राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ राघोबा महाड़िक, अनिल तिवारी, ठाकुर चंद्रभान सिंह, ठाकुर महेश सिंह, ठाकुर महेंद्र सिंह, तथा भुनेश्वर साहू, डॉ रामकुमार साहू, लाला साहू, पुरुषोत्तम मिश्रा,मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, रामप्रिय दास जी, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# लाइवलीहुड कॉलेज में हुआ पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्रशिक्षण



**कोण्डागांव ।** बुधवार को पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत हितग्राहियों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करने के संबंध में जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्यों, प्रभारी अधिकारियों को योजनांतर्गत प्रशिक्षण प्रदाता संस्था एवं प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव में किया गया।

इस प्रशिक्षण में स्किल इंडिया पोर्टल एवं पीएम विश्वकर्मा पोर्टल में पंजीयन, बैच निर्माण, सर्टिफिकेशन, टुलकिट सिलेक्शन इत्यादि प्रक्रिया के बारे में विस्तार से सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा द्वारा जानकारी दी गई। इसके साथ ही योजना के क्रियान्यवन समय सीमा, लाभ इत्यादि के बारे में सहायक संचालक सह नोडल अधिकारी पीएम विश्वकर्मा योजना पवन कुमार नेताम द्वारा अवगत कराया गया।

क्रेडिट सपोर्ट एवं पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत अन्य लाभ के बारे में उद्योग विभाग की प्रबंधक कुसुमलता नेताम द्वारा जानकारी दी गई। पीएम विश्वकर्मा योजना के सुचारू संचालन हेतु सभी विकासखंडों में आईटीआई संस्थाएं उपलब्ध है जिनके द्वारा प्रशिक्षण कार्य किया जा सकता है, जिससे हितग्राहियों को उनके ही विकासखंड में योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला रोजगार अधिकारी एवं सहायक संचालक पवन कुमार नेताम, सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा, उद्योग विभाग प्रबंधक कुसुमलता नेताम एवं समस्त आईटीआई के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# लकड़बग्घे ने 4 ग्रामीणों को किया घायल, इलाके में दशहत



**कोंडागांव ।** जिले के माकड़ी ब?लाक में इन दिनों लकड़बग्घा के आतंक से लोग परेशान है। लकड़बग्घा आए दिन लोगों पर हमला कर रहा है, जिससे लोग डरे हुए हैं। इसके बाद भी वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं लकड़बग्घा ने बुधवार को एक बार फिर ग्रामीणों पर हमला कर दिया। लकड़बग्घे के हमले में चार ग्रामीण घायल हो गए। सभी घायलों को अस?पताल में भर्ती किया गया, जहां इनका इलाज किया जा रहा है। हालांकि सभी लोग खतरे से बाहर हैं।

जानकारी के अनुसार माकड़ी ब?लाक के ग्राम तितरवंड की लीलाबाई मंडावी और पति हीरामन मंडावी दोनों रात में बरामदे में सोए हुए थे। देर रात करीब 1 बजे बजे लकड़बग्घे ने लीलाबाई पर हमला कर दिया। पत्नी को बचाते हुए हीरामन लकड़बग्घा के सामने आ गया। लकड़बग्घे ने हीरामन को भी घायल कर दिया।

दूसरी ओर ग्राम उलेरा के उम्र 35 वर्षीय राम प्रसाद मरकाम अपने घर में शाम 4 बजे गाय के चारा के लिए घास काट रहे थे। तभी अचानक लकड़बग्घा ने उनपर पर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं ग्राम पंचायत बागबेड़ा खुड़ी के लखन्तिन मंडावी पर लकड़बग्घे ने उस वक?त हमला कर घायल कर दिया जब वह घर के सामने टहल रही थी ।

एक ही दिन लकड़बग्घे ने चार ग्रामीणों पर हमला कर घायल कर दिया। इससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। इधर, वन विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

माकड़ी डिप्टी रेंजर जय सिंह मरकाम ने बताया, इसका प्रकरण बनेगा तथा लकड़बग्घे के हमले में घायलों को क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। क्षतिपूर्ति राशि घायलों के अकाउंट में डायरेक्ट जमा होगी।

माकड़ी के स्वास्थ्य विभाग के डॉ सतीश नायक ने बताया, मरीजो को सिर और हाथों में लकड़बग्घा के काटने के निशान है। मरीज को प्राथमिक उपचार दिया गया।

# विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक द्वारा में महिलाओं-बच्चियों का सम्मान

**जांजगीर चांपा** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं व बच्चियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया है । महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारो के बारे में उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में अभिब्यक्ति जागरूकता अभियान जांजगीर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है, इसी क्रम में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर परआज जिला पुलिस जांजगीर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष जांजगीर में उनके सराहनीय कार्य के लिए श्रीमती लबिना पाण्डेय एडीएम जांजगीर, श्रीमती कनक लता राम महिला बाल विकास अधिकारी अधीक्षक जांजगीर, निशा खान सखी वन सेंटर केन्द्र प्रशासक परामर्श दात्री जांजगीर, सरस्वती सोनी सखी वन सेंटर परामर्श दात्री जांजगीर, श्रीमती रिशीकांता राठौर, काउसलर परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर, श्रीमती तान्या अनुरागी काउसलर परिवार परामर्श केन्द्र, श्रीमती स्वेता सिंह शिक्षिका बुडेना शा. स्कूल प्रधान पाठक, श्रीमती विद्या अधिवक्ता जांजगीर, श्रीमती जानकी कहरा वार्ड क्र 13 पार्षद जांजगीर, श्रीमती भूरी बाई रात्रे, वार्ड क्र. 21 पार्षद जांजगीर, कु. सुमन जयसवाल, डीएसपी पद पर चयन, कु.अंजू केवट उम्र 14 साल, कराटे कास्य पदक दिल्ली 2023 (पता ढोरला बलौदा), कु. रेशमा कश्यप उम्र 14 साल कराटे कास्य पदक दिल्ली 2023 (पता रामपुर बलौदा) सुश्री अमिता श्रीवास (पर्वतारोही) निवासी चाम्पा उपस्थित रही। सम्मानित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं/ बच्चीयों के द्वारा अपने अपने अनुभव साक्षा किये तथा कार्यक्षेत्र में आने वाले कठिनाईया तथा अनुभवों पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं/बच्चीयों द्वारा उनके किये गये सराहनीय उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित । उपरोक्त कार्यक्रम का सफ्ल बनाने में अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर अनिल सोनी का विशेष योगदान रहा तथा कार्यक्रम का संचालन रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, महिला प्रआर एनुका तिर्की का सराहनीय योगदान रहा।




# श्रीधाम वृंदावन के आनंदम धाम पीठ में 10 मार्च को होगा संत समागम

**जांजगीर चांपा** - श्रीधाम वृंदावन के आनंदम धाम पीठ में रविवार 10 मार्च को राष्ट्र संत परम पूज्य रितेश्वर जी महाराज के पावन सानिध्य में संत समागम



संत सम्मान रुद्राभिषेक हवन भंडारा महा आरती तथा भजन संध्या के साथ प्रवचन का एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के अलावा उत्तराखंड मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ,उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद ,रघुराज सिंह के अलावा मथुरा के जज नितिन पांडे, मथुरा एसएसपी शैलेश कुमार पांडे, मथुरा रजिस्टर विजय पांडे, लखनऊ के डीएम हरीप्रताप शाही, तथा पटियाला के डीएसपी राजेंद्र पाल विशेष रूप से शामिल होंगे। परम पूज्य रितेश्वर जी महाराज के परम शिष्य जितेंद्र जीतू अग्रवाल ने आगे बताते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 मार्च को आनंदम धाम पीठ वृंदावन में सुबह 7:00 से रुद्राभिषेक, सुबह 9:00 बजे से हवन ,दोपहर 12:00 से संत समागम, भंडारा एवं संतों का सम्मान होगा, इसके बाद सायन 6:00 बजे से भजन संध्या में प्रख्यात गायक भाई चित्र विचित्र की जोड़ी तथा पूनम दीदी द्वारा भजनों की प्रस्तुति से समा बांधा जाएगा ।इसके बाद गुरुदेव रितेश्वर महाराज का आशीर्वचन होगा ।इस दौरान भोजपुरी समाज की जांजगीर चांपा जिला इकाई के संस्थापक जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह श्रीमती लालसा सिंह की शादी की 25 सालगिरह भी मनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम में आनंदम धाम परिवार के अलावा सिंह परिवार के करीबी लोग शामिल होंगे.

## खास खबर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जगार 2024 का 10 मार्च शाम 7 बजे शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले इस हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। जगार 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य के सुप्रसिद्ध हस्तशिल्प बेलमेटल शिल्प (ढोकरा), लौह शिल्प, काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प, कालीन शिल्प, शिशल शिल्प, गोदना शिल्प, तुमा शिल्प, टेराकोटा शिल्प, छींद-कांसा शिल्प की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हाथकरघा वस्त्रों में कोसा साड़ियाँ, दुपट्टा, सलवार सूट, ड्रेस मटेरियल एवं कॉटन बेडशीट, चादरें, ड्रेस मटेरियल, सर्टिंग एवं विभिन्न प्रकार की खादी रेडीमेड वस्त्रों आदि जगार का मुख्य आकर्षण रहेंगे। जगार में अन्य राज्यों से उत्तरप्रदेश लखनऊ की चिकनकारी, बनारसी साड़ी, ड्रेस मटेरियल, मध्यप्रदेश की चंदेरी, महेश्वरी साड़ियों एवं बाघ प्रिंट की ड्रेस मटेरियल एवं टिकमगढ़ का पीतल की मूर्तियाँ, पश्चिम बंगाल का जूटवर्क, कांथा वर्क तथा बंगाली साड़ियाँ सहित, पंजाब की फुलकारी एवं पंजाबी जुतियाँ, राजस्थान की चर्मशिल्प की मोजरी एवं एम्बाईडरी के सलवार सूट, दिल्ली की ज्वेलरी, हरियाणा पानीपत का बेडशीट, महाराष्ट्र के कोल्हापुरी चप्पल, बिहार के भागलपुरी ड्रेस मटेरियल, जम्मू कश्मीर के शॉल एवं साड़ियाँ इस प्रकार कुल 11 राज्यों के विभिन्न शिल्पकलाओं एवं हाथकरघा सामग्री का विशाल संग्रहण उपलब्ध रहेगा, जिसमें स्वयं शिल्पकार अपनी उन्नत शिल्पकला के हुनर का प्रदर्शन सह विक्रय करेंगे। जगार 2024 हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन 10 मार्च से 19 मार्च 2024 तक छत्तीसगढ़ हाट परिसर पंडरी, रायपुर में होगा, जिसमें प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### खाद्य मंत्री बघेल ने मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**रायपुर।** खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। डॉक्टरों को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों का बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रात में भी गंभीर मरीज आते है तो तत्काल उनका ईलाज करें। मरीजो को ईलाज में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उनके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। खाद्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान इलाज कराने आए मरीज़ों से बातचीत करके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही मरीजों के लिए ज़रूरी सुविधाएं एवं संसाधनों की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। खाद्य मंत्री ने मरीजों के वार्ड, दवाई वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। मरीजों के लिए दी जाने वाली भोजन एवं नाश्ता आदि के गुणवत्ता की संबंध में जानकारी ली और मरीजों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। मंत्री बघेल ने चिकित्सकों को गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए पेयजल और कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।'इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती मंजू लता रात्रे, एस. डी. एम. मुकेश गोड़, सीएमओ नगर पंचायत टी.आर.चौहान साथ थे।

# आय में वृद्धि तथा जीवन में बदलाव लाने के लिए एकीकृत कृषि को अपनायें किसान-ओपी चौधरी

## उन्नत तकनीक, अच्छी ब्रीड के पशु-पक्षी एवं फसल उपयोग से कर सकते हैं अच्छी कमाई

रायपुर। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखंड रायगढ़ के ग्राम जुड़ा में नेशनल लाइवस्टॉक मिशन अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने किसानो एवं पशु पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा ग्रामीण जीवन की अर्थव्यवस्था को सुधारने, किसानों की आय में वृद्धि करने एवं उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए हमें कृषि के साथ किए जाने वाले एकीकृत कृषि जैसे विधिक कार्य को बेहतर तरीके से करना होगा, जिससे ज्यादा कमाई हो सके। उन्होंने कहा कि धान के फसल से अधिक कमाई उद्यानिकी फसलों में है, किसानों को धान का पैसा मिल ही रहा है, तो हमें यह सोचना होगा कि धान से अधिक कमाई किस फसल या कार्य में है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं केले की खेती कर अच्छी कमाई कर रहे है। उन्होंने किसानों को अन्य उद्यानिकी फसलों की ओर ध्यान देने की बात कही, जिससे कृषकों के जीवन में बदलाव आए और आगे बढ़े।



वित्त मंत्री चौधरी ने मत्स्य पालकों के जीवन में आए बदलाव को किसानों के साथ साझा करते हुए किसानों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार पशुपालन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन से भी आज बहुत सारे लोगों की जिंदगी बदल चुकी हैं। अच्छी ब्रीड के गाय के पालन करने और तकनीक का उपयोग करने से ही हमें सफ्लता मिलेगी। इसलिए पशुपालन विभाग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि देश दुनिया में जितने भी तकनीक है। वह तकनीक हमारे किसान भाइयों तक पहुंचाए। विभाग के साथ हमारी भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि हम नई तकनीकी एवं ब्रीड, कार्यों की जानकारी लेने विभाग तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम माह में दो से तीन बार जिले की विभिन्न क्षेत्रों में होने चाहिए ताकि किसानों का उसका लाभ मिले। कृषि के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी काफी बढ़ चुकी है, जिससे अच्छी आय प्राप्त कर हमें अपने जीवन में बदलाव लाना चाहिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केलो डैम का पानी किसानों के खेतो तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है, साथ ही सपनाई डैम का पानी भी जल्द किसानों के खेत तक पहुंचेगा। रायगढ़ में हॉर्टिकल्चर कॉलेज, इंडोर स्टेडियम जैसे कार्य बजट प्रावधान में रखे गए हैं। हमें सब मिलकर समर्पित भाव से कार्य करना होगा तभी विकास होगा। इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत जुर्डा में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 2 शेड निर्माण का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, सूर्यकांत त्रिपाठी, उमेश अग्रवाल, सरपंच सूरत पटेल, सरपंच जयप्रकाश गुप्ता, सरपंच श्रीमती पदमा सिदार, सुकलाल चौहान, जयंत किशोर, टीकाराम पटेल, जानवी प्रधान, कल्याणी गुप्ता, सतीश बेहरा, ब्रजेश गुप्ता, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, उप संचालक पशुपालन डॉ.जे.एल.कुशवाहा, डॉ.धनीराम प्रधान, डॉ.सनत नायक, डॉ.वाई.पी.चन्द्रा, डॉ.अनिल सिंह, डॉ.डी.एन.चौधरी, डॉ.वि.अग्रवाल, डॉ.अनुपमा तरून, अवधेश पटेल, छविलाल यादव, डॉ.सी.एस.पटेल सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभाग द्वारा विभिन्न पशु-पक्षी तथा गाय के प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का वित्त मंत्री चौधरी ने अवलोकन किया, जहां विभाग द्वारा संकर बछिया, दुधारू गाय, स्वास्थ्य बछड़ा, बैल जोड़ी भैसा, भैंस, मुर्गा, बतख, जापानी बटेर, बकरा-बकरी, भेड़, सुकर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

आयोजित कार्यक्रम में पौष्टिक हरा चारा में हाइब्रीड नेपियर, अजोला तथा बरसीम का प्रर्दशन किया गया। इसी प्रकार एकीकृत कृषि प्रणाली के संबंध में बताया गया कि किस प्रकार पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं कृषि कार्य को एकीकृत कृषि के रूप में एक साथ किया जा सकता है। जिसमें कम लागत में संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर परंपरागत खेती से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही इसमें एक फार्मिंग सिस्टम का बायो बेस्ट एवं बाय प्रोडक्ट दूसरे फार्मिंग सिस्टम के लिए कैसे संसाधन का कार्य करता है। इस दौरान पशु चारा संरक्षण विधि में जानकारी दी गई, जिसमे हे चारा, पैरा यूरिया उपचार सायलेज उपचार की विधियों की जानकारी दी गई कि किस प्रकार सूखे चारे का उपचार कर पशुओं के लिए स्वादिष्ट, पौष्टिक चारा उपलब्ध करवाया जा सकता हैं। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान संकर बछिया में रामकुमार पटेल, केशव पटेल एवं समीर कंवर को पुरस्कृत किया गया।

जब लड़खड़ाती आवाज़ में जवान नरेंद्र ने बयां की शौर्य की दास्तान

# सुनकर भावुक हुए मुख्यमंत्री, दी एक लाख रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता राशि

### वीर जवानों के पराक्रम से हम सब हैं सुरक्षित, आपके शौर्य को नमन है- मुख्यमंत्री



**रायपुर।** वो 12 अक्टूबर 2017 का दिन था। राजौरी- पुंछ में हमारी टुकड़ी गश्त पर निकली थी। पूरा इलाका पहाड़ी है। घात लगाकर छिपे आतंकवादियों ने अचानक हमला कर दिया। भारी गोली-बारी होने लगी। हमने तुरन्त जवाबी कार्यवाही की। एक आतकंवादी को मार गिराया। मगर आईईडी ब्लास्ट में अपने साथियों को खोया भी। मेरे सिर पर गोली लगी थी। सिर का एक हिस्सा ही अलग हो गया था। आप देख रहे हैं अभी भी मेरा सिर एक तरफ से दबा हुआ है।

जब अपनी लड़खड़ाती आवाज़ में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से आए जवान श्री नरेंद्र ने अपने शौर्य की दास्तां मुख्यमंत्री को सुनाई तो मुख्यमंत्री साय भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने जवान श्री नरेंद्र से कहा कि आपको एक लाख रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता देंगे। आपने देश के लिए अपने जान की बाजी लगा दी। वीर जवानों के पराक्रम से हम सब सुरक्षित महसूस करते हैं। आपके शौर्य को नमन है। आपकी हरसंभव मदद करेंगे।

कल देर रात राज्य अतिथि गृह पहुना में कोरिया जिले के ग्राम -गणेशपुर के रहने वाले और भारतीय थल सेना के जवान नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को नरेन्द्र ने बताया कि सिर में गोली लगने के बाद मुझे जम्मू कमांड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। लगभग छह महीने तक मैं कोमा में रहा। होश आता जाता रहता था। याददाश्त चली गयी थी। हॉस्पिटल में मेरा परिवार एक हफ्ते तक रहा मगर मैं अपनी पत्नी तक को पहचान नहीं पाया। धीरे-धीरे हालत में सुधार हुआ। घटना के वक्त बारूद के कण शरीर के कई अंगों में घुस गए थे जो भी तक मेरे शरीर में हैं। सिर का आधा हिस्सा दब गया है। मेरी आवाज अब भी लड़खड़ाती है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जवान नरेंद्र के जज़्बे की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका देशसेवा का ये जज़्बा सभी के लिए प्रेरक है। ये बहुत गर्व की बात है कि आप छत्तीसगढ़ से हैं। राज्य के युवाओं को आपसे प्रेरणा मिलेगी। इतने गम्भीर जख्मों के बावजूद आपने हिम्मत नहीं हारी। आपके परिवारजन भी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने आपके साथ इन तकलीफों को झेला है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती आरती मरपच्ची सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विशेष पिछड़ी जनजाति की स्व सहायता समूह की 64 महिलाएं दिल्ली रवाना

रायपुर। प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरबा, कमार के स्व सहायता समूह के सदस्यों की 64 महिलाएं आज शाम हवाई जहाज से दिल्ली रवाना होंगी. सभी महिलाएं राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगी. वहां इन्हें अपने समूह के बनाए गए उपहार भेंट करेंगी. वहीं राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करेंगी।

ये महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग जिले कबीरधाम, बलरामपुर, रायगढ़, धमतरी, कोरबा, गरियाबंद और जशपुर के स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत हैं. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अपने समूह का संचालन कर अपनी आमदनी को बढ़ावा देकर स्वावलंबी बनने वाली इन महिलाओं को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर हवाई जहाज से दिल्ली ले जाया जा रहा है. आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निवास कार्यालय से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत कर दिल्ली रवाना किया. उपमुख्यमंत्री ने उन्हें उपहार स्वरूप बैग, जैकेट और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का डिब्बा भेंट किया। उप मुख्यमंत्री से विजय शर्मा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति की 64 दीदियां राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने हवाई जहाज से जा रही है. ये महिलाएं राष्ट्रपति से मिलकर अपने समूहों के उत्पाद राष्ट्रपति को देंगी. दीदियां अमृत उद्यान, स्व सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद बिक्री के लिए बनाए गए बाजार और दिल्ली का भ्रमण करेंगी। छत्तीसगढ़ शासन ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनको स्वावलंबी बनाने की दिशा में महिलाओं को अलग-अलग जगह पर मंच देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है. साथ ही उन्हें वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार भी किया जा रहा है।

## खास खबर

### नेशनल लोक अदालत कल

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन के लिए तिथि निर्धारित की गयी है। जिसके तहत 9 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर एवं 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहाद्रपूर्ण माहौल में किया जाएगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार द्वारा संबंधित न्यायाधीशों, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**सुकमा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार एवम् कलेक्टर हरिस एस. सुकमा के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निपुण भारत योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 तक प्राथमिक शालाओं के बच्चों में भाषा, गणित में दक्ष हासिल करने व मूलभूत साक्षरता एंव संख्यात्मक ज्ञान(एफएल एन) लक्ष्य अनुसार जिला स्तरीय ई-जादूई पिटारा दो दिवसीय दो चरणों में 04 से 07 मार्च 2024 ,प्राथमिक शालाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को जिला अंतर्गत 4 जोन में सुकमा, कोन्टा, छिन्दगढ एंव दोरनापाल में विभाजित कर राज्य द्वारा दी लक्ष्य अनुरुप प्रशिक्षण दिया गया। बच्चें खिलौने के प्रति ज्यादा आकर्षित होते हे एवम् खिलौने के माध्यम से बच्चों में लर्निंग आऊटकम सिखने के लिए खिलौना बहुत अच्छा साधन है इसी पर आधारित प्रशिक्षण शिक्षकों को दिया गया स। जिसमें तरह-तरह के खिलौने निर्माण कर गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शन करने की कला सिखाई गयी। इस दौरान प्रशिक्षण की मानिटरिंग करने पंहुचे नितिन डडसेना जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने बाल्य शिक्षा शिक्षाशास्त्र के बारे विस्तृत रुप दी।

### राजिम कुंभ कल्प मेला का मंच स्थानीय कलाकारों के लिए बना वरदान

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के 13वें दिन स्थानीय कलाकारों के लिए बने मंच में कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति भैसमुंडी के ममता सेन और साथियो ने मानस प्रसंग की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जामगांव के लोकराम साहू ने रामायण के अंतर्गत राम भगवान के बाल लीलाओं का व्याख्यान किया। सेमरा के चंद्रहास साहू ने परंपरागत वेशभूषा धारण किए राउत नृत्य की प्रस्तुति दी। भटगांव धमतरी के मिथलेश गजेन्द्र ने मानस भजन की प्रस्तुति दी। बरबाहरा गरियाबंद के लेखपाल साहू ने भी भजन संध्या के माध्यम से राम न चले हनुमान के बिना..... जैसो गीतों की प्रस्तुति दे कर भक्तिमय माहौल बना दिया। बारूला फिंगेश्वर के चंद्रप्रकाश मारकंडे ने मंगल भजन की प्रस्तुति दी गई जिसमें घासीदास बाबा के रास्ते में चलने के संदेश गीत के माध्यम से दी। कौशल साहू कवर्धा में लाफ्टर शो प्रस्तुत कर दर्शकों को लोटपोट कर दिया। गोपर भाटापारा नीलकंठ साहू खंजेरी वादन गायन की प्रस्तुति दी।

# दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को दूर करने में अहम भूमिका निभा रही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना - वित्त मंत्री

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी सामूहिक विवाह में हुए शामिल, पुष्प वर्षा कर नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**रायगढ़। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत आज रायगढ़ जिले में 291 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाटी स्टेडियम में आयोजित 84 जोड़ो के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए एवं नवदपत्तियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किए। सामूहिक विवाह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने नव विवाहित जोड़ों को पुष्प वर्षा कर वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए रायगढ़ में विवाहित सभी 84 जोड़ों को अपनी ओर से 5-5 हजार रुपये की स्वेच्छा अनुदान राशि देने की भी घोषणा की।**



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों की शादी कराने के साथ ही दहेज प्रथा जैसे सामाजिक बुराई को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जा रही है।

जिसके तहत प्रदेश में लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आज विवाह में शामिल सभी नवदंपत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सामूहिक विवाह में आगे आकर समाज को एक अनुकरणीय संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज विवाह बंधन में बंधे सभी बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ लेने का आग्रह किया, जिससे उन्हें सालाना 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि आज विवाह में शामिल सभी नवजोड़ों को राज्य शासन की ओर से 21-21 हजार रूपये की सहायता राशि दी जा रही है। इस मौके पर उन्होंने नवदंपत्तियों को सहायता राशि का चेक भी वितरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, राधेश्याम राठिया, विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, पूनम दिबेश सोलंकी, सुभाष पाण्डेय,कौशलेष मिश्रा, श्रीकांत सोमावार, रत्थू गुप्ता, सुरेश गोयल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, डीपीओ एल.आर.कच्छप उपस्थित रहे। जिले के खरसिया, घरघोड़ा एवं तमनार बंजारी मंदिर में 28-28 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। इसी तरह धरमजयगढ़ में 56 जोड़े तथा लैलूंगा में 67 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। रायगढ़ में विवाहित जोड़ों को दिव्य शक्ति संस्था रायगढ़ एवं जय मां दुर्गा सेवा अमृत वाणी सेवा समिति द्वारा भी उपहार दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को कन्या के विवाह के संदर्भ में होने वाली आर्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाहों को बढ़ावा देने, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से मनोबल/आत्मसम्मान में वृद्धि एवं उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार, सामूहिक विवाहों का प्रोत्साहन तथा विवाहों में दहेज के लेन-देन की रोकथाम करना है।

छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना का संचालन किया जाता है। शासन द्वारा कन्या विवाह में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक जोड़ो को 50 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जाता है, जिसमें से 21 हजार रुपये कन्या को वित्तीय सहायता के रूप में बैंक खाते के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाता है। इसी तरह 15 हजार रूपये का उपहार सामग्री, 6 हजार रुपये का वर-वधु का श्रृंगार एवं वस्त्र इत्यादि तथा 8 हजार रूपये विवाह के आयोजन पर व्यय किया जाता है। इस तरह प्रत्येक जोड़ो को 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की जाती है।

## ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए - कलेक्टर



**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले के सभी गांवों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की कमी से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलों के माध्यम से पेयजल घरों तक उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत प्रारंभ सभी कार्यों को पूरा करने का कार्य तेजी से करें और इसमें प्रगति लाएं। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जल जीवन मिशन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के हेण्डपंप के सुधार के कार्यों को 15 मार्च से अभियान चलाकर करने कहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होगी। जिन गांवों में पेयजल के संबंध में ज्यादा समस्या आ रही हो वहां स्वयं जाकर देखकर निराकरण करें। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया।

कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा आबंटित कार्यों पूर्ण करने हेतु समयावृद्धि की मांग की थी, जिस पर समिति द्वारा अर्थदंड अधिरोपित करते हुए समयावृद्धि प्रदान की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत संचालित प्रगतिरत सभी कार्यों की निरंतर मानिटरिंग करते रहे।

इसके अलावा जहां कही भी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने सभी जनपद कार्यालयों में एक शिकायत रजिस्टर रखने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में होनी वाली समस्याओं का पता चल रहे और समय पर उसका निराकरण किया जा सके।

## मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतान नजदीकी च्वाईस सेंटर से एवं जिलों के विकासखंडों में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्रों एवं जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक अथवा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो संतानों व दत्तक संतानों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र हितग्राही प्रतिभाशाली होने के बावजूद आर्थिक सहायता के अभाव में प्रतियोगिता परीक्षाओं को पूर्ण करने में असमर्थ होते है। उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप शासकीय सेवाओं में प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कोचिंग उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सामाजिक श्रेणीगत परिवर्तन के अवसर उपलब्ध कराना और सशक्त बनाया जाकर समाज के विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसके अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती परीक्षा अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 04 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए नि:शुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### जिले के दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बालोद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के मार्गदर्शन में जिले के दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके ने बताया कि दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला में टी.बी. जॉच हेतु टी.बी. सस्पेक्ट रेफरल तथा रजिस्टेंस टी.बी. का जोखिम बढ़ाने वाले कारणों पर चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री क्षय मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दवा विक्रेता संघ के द्वारा निक्षय मित्र बनकर 03 टी.बी.मरीजों को पोषण आहार किट भी प्रदान किया गया। उइके ने बताया कि पोषण आहार किट में सोयाबीन तेल, फलीदाना, गुड, मिश्रित दाल, सोयाबीन और दलिया आदि सामाग्री टीबी मरीजों को 06 माह तक दिया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में लोजपा ने दिया भाजपा को समर्थन



**भिलाई।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए के मजबूत गठबंधन के राहयोगी दल के रूप में वर्ष 2014 से लगातार कार्य करते आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ में भी भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुत से जीत सुनिश्चित करने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री भारत सरकार पशुपति कुमार पारस के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (छत्तीसगढ़), महिला सेल, युवा विंग, जनशक्ति गजदूर सभा, किसान सेल, दलित रोना के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण समर्थन देंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में लोजपा काम करेगी। इसके लिए सभी लोकसभा सीटों पर प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है। लोक सभा क्षेत्र सरगुजा से अजीत कुमार सिंह, रायगढ़ से सुजीत कुमार, कोरबा से धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बस्तर से ममवती ठाकुर, जांजगीर चांपा से दया कृष्ण बंजारे, महासमुन्द से डॉ राकेश चौधरी, रायपुर से हर्ष गजभिये, राजनांदगांव से विष्णु केशरवानी, दुर्ग से महेन्द्र निर्मल, कांकेर से दिनेश कुमार ठाकुर तथा बिलासपुर से देवेन्द्र शर्मा को प्रभारी बनाया गया है।



काशन्तीन बघेल ने अपने नाती के जन्मदिवस पर बच्चों को कराया न्योता भोज

## लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिले हमारी प्राथमिकता - ओपी चौधरी

**रायगढ़। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज विकासखंड पुसौर में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करते हुए जन सामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2.65 करोड़ की लागत से तैयार नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन सहित 3 करोड़ 70 लाख 48 हजार रुपये के लागत के कुल 9 कार्यों का लोकार्पण किया।**



वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने उपस्थित जनों के साथ पूरे क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इतना अच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ है और आज से ही ओपीडी शुरू हो गया है। अस्पताल को जितने संसाधनों की आवश्यकता होगी उसे प्राथमिकता से प्रदान किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर, नर्स स्टाफ ईमानदारी व समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए अस्पताल को एक मॉडर्न अस्पताल के रूप में स्थापित करें। आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही अन्य स्थानों में प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 6 बिस्तर वार्ड का लोकार्पण हुआ है। इसके साथ उन्होंने बताया कि 321 विद्यार्थियों को शिक्षण प्रोत्साहन के लिए 3-3 हजार रुपये की राशि दिए जाने की घोषणा की और विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हॉस्पिटल के लिए एम्बुलेंस एवं शव वाहन के साथ ही ऑपरेशन थियेटर के समान एवं आर्थो डॉक्टर की मांग पर जल्द स्वीकृति की बात कही। इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर के साथ 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 03 उप स्वास्थ्य केन्द्र में नव निर्मित 06 बिस्तरीय वार्ड का भी लोकार्पण किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर के 03 कार्य शामिल है। जिसमें 2 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से नवीन भवन निर्माण, प्रदूषित पानी की सफाई हेतु 11 लाख 50 हजार रूपए की लागत से ईटीपी (इफ्यूलेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट), 35 लाख रूपए की लागत से 20 बिस्तरीय वार्ड शामिल हैं।

इसी प्रकार 9 लाख 83 हजार रुपये की लागत से 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 03 उप स्वास्थ्य केन्द्र में 06 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल,राधेश्याम राठिया, अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर रितेश थवाईत, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर सुशील भोई, विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, जगन्नाथ पाणिग्राही, मोहन सतपथी, उमेश साव,गौरांग साव, त्रिनाथ गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सीएमएचओ डॉ.मंडावी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)